शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 33 |
| आर्द्रता | 77% |
| सूर्योदयः 5:26 | सूर्यास्तः 17:31 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



चौथा नवरात्र :
रोग हरें, कल्याण करें मां कूष्मांडा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आश्विन शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : कलयुग में बिना स्वार्थ के कोई आपसे रिश्ता नहीं रखेगा।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555



कोलकाता एयरपोर्ट पर गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुरुचि संघ के पूजा पंडाल का किया उद्घाटन एवं साथ में मंत्री अरुप विश्वास एवं मंत्री फिरहाद हकीम

# कोलकाता में जलजमाव के लिए डीवीसी और फरक्का जिम्मेदार, मौत पर राजनीति न करें : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में बारिश के कारण आई बाढ़ और उसमें 11 लोगों की मौत को लेकर आलोचकों पर तीखा प्रहार करते हुए गुरुवार को कहा कि 'मौत पर राजनीति' करना अनुचित है। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार ने तत्काल कार्रवाई की और प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। इस दिन, दक्षिण कोलकाता में सुरुचि संघ दुर्गा पूजा के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने सोमवार की रात हुई मूसलाधार बारिश और उसके बाद हुए जलजमाव का जिक्र किया। ममता ने कहा कि ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी गई। बिहार का पानी फरक्का के जरिए गंगा में आता है लेकिन कभी भी गाद सफाई (ड्रेजिंग) नहीं की जाती। न ही दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) और न ही मैथन ड्रेजिंग करते हैं और हम पानी में डूबते रहते हैं। केवल बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं कुछ और नहीं। मुख्यमंत्री ने बताया कि कोलकाता में कुछ ही समय में लगभग 300 मिमी बारिश हुई और उसी समय हुगली नदी में ज्वार भी आ गया। उन्होंने कहा कि जब गंगा पहले ही भरी हुई है और ड्रेजिंग नहीं की गई है तो पानी जाएगा कहां? लंदन में जब इस तरह की बारिश होती है तो जलजमाव 10 दिन तक बना रहता है। दिल्ली में भी पानी उतरने में समय लगता है लेकिन हम मौतों का राजनीतिकरण नहीं करते। ये दुर्भाग्यपूर्ण मौतें थीं। आलोचकों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग तो बाढ़ को लेकर अदालत तक चले गए हैं। उन्हें मुझसे सवाल पूछने के बजाय आसमान से पूछना चाहिए। हमने बंगाल भर में 5.5 लाख तालाब खुदवाए हैं। जो लोग मौतों पर राजनीति करते हैं उन्हें आइना देखना चाहिए। मैंने कभी खुद के प्रचार के लिए कुछ नहीं किया। मुझे बंगाल से प्यार है और बंगाल ही देश को रास्ता दिखाएगा। मुख्यमंत्री ने ड्रेजिंग को लेकर परोक्ष चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि अगर ड्रेजिंग नहीं हुई तो मैं वैकल्पिक इंतजाम करना जानती हूं। अगर वे मेरे तरफ पानी ढकेलते हैं तो मैं भी उनके तरफ पानी भेजूंगी।

## सीईएससी मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की देगी आर्थिक मदद


राज्य में हालिया भारी बारिश और जलभराव के कारण हुई मौतों के बाद बिजली आपूर्ति कंपनी सीईएससी लिमिटेड ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। यह कदम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आग्रह के दो दिन बाद उठाया गया है। सीईएससी के प्रबंध निदेशक विनीत सिक्का ने कहा कि हम अपने शहर में हुई इस अप्रत्याशित आपदा और जनहानि से बेहद दुखी हैं। मानवीय दृष्टिकोण और मुख्यमंत्री के अनुरोध पर हमने प्रत्येक मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है।

## आज गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता में दो पूजा पंडालों का करेंगे उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार की रात दुर्गा पूजा के पंडालों के उद्घाटन के लिए कोलकाता पहुंचे गए हैं। शाह के कार्यक्रम के अनुसार, वह गुरुवार की रात बीएसएफ के विशेष विमान से मुंबई से कोलकाता पहुंचे। कोलकाता के दमदम स्थिति नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद, उनका रात्रि विश्राम राजारहाट इलाके के एक होटल में हुआ। आज सुबह 10:30 बजे, केंद्रीय गृह मंत्री का उत्तर कोलकाता के संतोष मित्रा स्क्वायर (लेबुतला पार्क) के पूजा पंडाल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद, सुबह 11.15 बजे शाह कालीघाट में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद, 11:45 बजे पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद, वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## सरकार ने 97 तेजस विमान खरीदने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ अनुबंध किया

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय वायुसेना के वास्ते 97 तेजस लड़ाकू विमान खरीदने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 62,370 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) द्वारा इस बड़ी खरीद को हरी झंडी दिए जाने के लगभग एक महीने बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन विमानों की आपूर्ति 2027-28 में शुरू होगी और आपूर्ति छह वर्षों की अवधि में पूरी करनी होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एचएएल द्वारा विमानों की आपूर्ति से भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी जिससे देश की रक्षा तैयारियों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, ''यह अनुबंध स्वदेशी रूप से विकसित विमान 'तेजस' में



सरकार और सशस्त्र बलों के विश्वास को दर्शाता है।'' एयरोस्पेस क्षेत्र की इस सरकारी दिग्गज कंपनी के साथ किया गया यह दूसरा ऐसा अनुबंध है। फरवरी 2021 में, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए जेट विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का सौदा किया था। मंत्रालय ने बताया कि भारतीय वायुसेना के लिए 62,370 करोड़ रुपये (करों को छोड़कर) की लागत से 97 तेजस हल्के लड़ाकू विमान 'एमके-1ए' और संबंधित उपकरणों की खातिर एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं।'स्वयं रक्षा कवच' से लैस इन उन्नत जेट में 64 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री और 67 नए स्वदेशी उपकरण होंगे।

## आयकर विभाग ने ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ाई

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम तिथि एक महीना बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी। बड़ी कंपनियों, ट्रस्ट और व्यापारियों को अपना वार्षिक ऑडिट जमा करने के लिए पहले 30 सितंबर तक की समय सीमा रखी गई थी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि आयकर रिटर्न का ई-फाइलिंग पोर्टल सुचारू रूप से काम कर रहा है और 23 सितंबर तक 7.57 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। सीबीडीटी के मुताबिक, 24 सितंबर तक करीब 4.02 लाख कर ऑडिट रिपोर्ट अपलोड की जा चुकी हैं। इनमें से 60,000 से अधिक ऑडिट रिपोर्ट बुधवार को ही अपलोड की गईं।

## रूस के साथ अपनी 'सदाबहार' साझेदारी को और मजबूत कर रहा भारतः मोदी

**ग्रेटर नोएडा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एके-203 राइफलों एवं ब्रह्मोस मिसाइलों के निर्माण के लिये रूस के साथ सहयोग का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत रूस के साथ अपनी 'सदाबहार' साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह टिप्पणी अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने और रूसी तेल की खरीद जारी रखने पर अलग से 25 प्रतिशत जुर्माना लगाने के कुछ सप्ताह बाद की है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला' (यूपीआईटीएस) के तीसरे संस्करण का उद्घाटन करने के बाद कहा कि रूस इस व्यापार मेले का साझेदार देश है। उन्होंने कहा, ''इस बार व्यापार मेले का साझेदार देश रूस है। यानी इस शो में हम एक सदाबहार साझेदारी को और भी मजबूत कर रहे हैं।'' मोदी ने कहा कि भारत के सशस्त्र बल स्वदेशी समाधान चाहते हैं और उनका लक्ष्य बाहरी निर्भरता को कम करना है। उन्होंने इस बदलाव में उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''भारत में हम एक रक्षा क्षेत्र विकसित कर रहे हैं और एक ऐसा तंत्र बना रहे हैं कि जहां हर उपकरण पर 'मेड इन इंडिया' का चिह्न बना हो।'' उन्होंने कहा कि रूसी सहयोग से स्थापित एक कारखाने में जल्द ही एके-203 राइफलों का उत्पादन शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में एक रक्षा गलियारा भी विकसित किया जा रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल सहित कई हथियारों का उत्पादन वहां पहले ही शुरू हो चुका है।'' उन्होंने सभी हितधारकों से उत्तर प्रदेश में निवेश और निर्माण करने का आह्वान किया।

## जीएसटी सुधार जारी रहेंगे, अर्थव्यवस्था और मजबूत होने पर घटेगा कर का बोझ



**ग्रेटर नोएडा:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार जारी रहेंगे तथा अर्थव्यवस्था के और मजबूत होने पर नागरिकों पर कर का बोझ और कम होगा। मोदी ने कहा कि देश में वर्तमान में सुधारों के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति है। साथ ही उसके पास लोकतांत्रिक और राजनीतिक स्थिरता भी है। उन्होंने यहां आयोजित उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का उद्घाटन करने के बाद कहा कि जीएसटी में संरचनात्मक सुधार देश की विकास गाथा को नई उड़ान देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने करों में उल्लेखनीय कमी की है, महंगाई पर लगाम लगायी है और लोगों की आय तथा बचत दोनों में बढ़ोत्तरी की है। उन्होंने कहा कि 12 लाख रुपये तक की आय को कर-मुक्त करके और नए जीएसटी सुधारों को लागू करके देश के नागरिक इस वर्ष 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने साल 2017 में जीएसटी लागू करके अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में सुधार किये। यह अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था और इसके बाद इस साल सितंबर में और सुधार किए गए। उन्होंने कहा, 'आज देश गर्व से जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम यहीं नहीं रुकेंगे। 2017 में हम जीएसटी लाए... और फिर 2025 में भी (सुधार लाए)। हम अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेंगे। जैसे-जैसे आर्थिक मजबूती बढ़ेगी, कर का बोझ कम होता जाएगा। नागरिकों के आशीर्वाद से जीएसटी में सुधार जारी रहेंगे।'




## अब चलती ट्रेन से भी होगा दुश्मनों पर अटैक

### रेल बेस्ड अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली :** भारत ने रेल आधारित मोबाइल प्रक्षेपण प्रणाली से 2,000 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जिससे देशभर में इस मिसाइल को तैनात करने की इसकी क्षमता प्रदर्शित हुई है। अगली पीढ़ी की मिसाइल के परीक्षण के एक दिन बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि इससे भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास रेल नेटवर्क से मिसाइल प्रक्षेपण करने की क्षमता है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सामरिक



बल कमान (एसएफसी) के सहयोग से बुधवार को मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का ''सफल'' प्रक्षेपण किया। इसने हथियार प्रणाली के प्रक्षेपण के स्थान का खुलासा नहीं किया है। सिंह ने कहा कि विशेष रूप से तैयार रेल-आधारित मोबाइल प्रक्षेपण प्रणाली से किया गया यह अपनी तरह का पहला प्रक्षेपण है। उन्होंने कहा कि इसमें रेल नेटवर्क पर चलने की क्षमता है, जिससे उपयोगकर्ता समूचे देश में कहीं भी बेहद कम समय में कम दृश्यता में भी प्रतिक्रिया करने में सक्षम होंगे। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, ''इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास रेल नेटवर्क से प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने की क्षमता है।''

## मौसम विभाग ने दक्षिण बंगाल में सात दिन तक बारिश का अनुमान जताया

**कोलकाता :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले सात दिन पश्चिम बंगाल के दक्षिणी क्षेत्र में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान जताया है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बृहस्पतिवार को बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण बारिश होने का अनुमान है। इसके साथ ही 28 सितंबर से शुरू होने वाले दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान बारिश की आशंका बढ़ गई है। आईएमडी ने कहा कि 27 सितंबर को दक्षिण 24 परगना और झाड़ग्राम जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है। आईएमडी ने कहा कि कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है और शनिवार को यह दक्षिण ओडिशा-आंध्र प्रदेश के तटों को पार कर सकता है। चार दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव 28 सितंबर से शुरू होगा। आईएमडी ने मछुआरों को सलाह दी है कि वे रविवार तक पश्चिम बंगाल-ओडिशा तट के निकट समुद्र में न जाएं क्योंकि मौसम के कारण समुद्र की स्थिति बहुत खराब हो सकती है।

## कश्मीर भारत-पाक का मामला, दखल देने में हमारी कोई रुचि नहीं: अमेरिका

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां कहा कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का सीधा मुद्दा है और अमेरिका की इस मामले में दक्षिण एशिया के दो पड़ोसियों के बीच दखल देने में कोई रुचि नहीं है। विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि यह अमेरिका की दीर्घकालिक नीति है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का सीधा मुद्दा है। हालांकि अधिकारी ने कहा कि यदि अमेरिका से किसी मुद्दे पर सहयोग मांगा जाता है तो वह मदद के लिए तैयार है। अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने पर्याप्त मसले हैं और हम इसे (कश्मीर मुद्दे को) भारत और पाकिस्तान पर छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें भारत और पाकिस्तान के बीच दखल देने में कोई रुचि नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में ट्रंप ने फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रुकवाया है। विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी कहा कि यह सच है कि अमेरिका उस संकट में शामिल था और उसने निश्चित रूप से युद्ध विराम कराने में मदद की थी। भारत का कहना है कि वह आतंकवाद जैसे मुद्दों पर पाकिस्तान के साथ अपनी बातचीत में किसी तीसरे पक्ष को शामिल नहीं करना चाहता, क्योंकि उसका मानना है कि ये द्विपक्षीय ही रहने चाहिए।

## आतंकवाद विकास के लिए 'लगातार खतरा': विदेश मंत्री जयशंकर

**संयुक्त राष्ट्र :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि आतंकवाद विकास के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि दुनिया को आतंकवादी गतिविधियों के प्रति न तो सहिष्णुता दिखानी चाहिए और न ही उन्हें सहयोग देना चाहिए। यहां जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि जो देश किसी भी मोर्चे पर आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं, वे समग्र रूप से अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बड़ी सेवा करते हैं। अंतरराष्ट्रीय शांति और वैश्विक विकास के बीच संबंधों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में दोनों में गिरावट आई है। उन्होंने कहा, विकास के लिए एक निरंतर खतरा आतंकवाद है जो शांति में बाधा डालने वाला है। उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवादी गतिविधियों के प्रति न तो सहिष्णुता दिखाए और न ही उन्हें सहयोग दे। जयशंकर ने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया संघर्ष, आर्थिक दबाव और आतंकवाद का सामना कर रही है, बहुपक्षवाद और संयुक्त राष्ट्र की सीमाएं स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कहा, बहुपक्षवाद में सुधार की आवश्यकता पहले कभी इतनी अधिक नहीं थी। उन्होंने कहा कि आज अंतराष्ट्रीय हालात राजनीतिक और आर्थिक दोनों ही दृष्टि से अस्थिर है।






## पहाड़ी इलाके में विकास-रोजगार की आकांक्षा

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने व संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण देने वाली छठी अनुसूची में शामिल करने के लिये चल रहे आंदोलन का हिंसक होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दरअसल, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक बीते पंद्रह दिनों से अनशन पर थे। इन्हीं मुद्दों के समर्थन में यह आंदोलन चल रहा था। हालांकि, हिंसा के बाद उन्होंने अपना अनशन त्याग दिया है। उन्होंने आंदोलनकारियों से शांति की अपील की है। हिंसा व आगजनी के बाद केंद्र शासित प्रदेश में संचारबंदी लागू की गई है। समाचार माध्यमों में कुछ आंदोलनकारियों के मारे जाने की बात भी कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से केंद्रशासित प्रदेश में लद्दाख को पूर्ण राज्य देने की मांग को लेकर समय-समय पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। बताया जाता है कि पिछले पैंतीस दिनों से कुछ लोग अनशन कर रहे थे। परसों उनमें से दो लोगों की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद लोगों में आक्रोश बढ़ा। प्रतिक्रिया स्वरूप लेह बंद का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यह प्रदर्शन कालांतर हिंसक प्रतिरोध में बदल गया। घटनाक्रम के बाद जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों ने हिंसा के लिये केंद्र को निशाने पर लिया है। कहा गया कि आंदोलनकारी लेह की अस्मिता को संरक्षण देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र व लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच आगामी माह में एक वार्ता का दौर निर्धारित था,लेकिन आंदोलनकारी इससे पहले ही इस दिशा में पहल की मांग करते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों के नेता लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद लोगों की आकांक्षा पूर्ण न होने पर उपजे आक्रोश को लेकर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि लेह के लोग अधूरे वायदों से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और इसी वजह से आंदोलनकारियों की हिंसक अभिव्यक्ति सामने आई है।

जम्मू-कश्मीर के विपक्षी नेताओं द्वारा सवाल उठाये जा रहे हैं कि 2019 में केंद्र शासित प्रदेश बनने पर जश्न मनाने वाले लद्दाख के लोगों में आज आक्रोश क्यों पनप रहा है? वे इस अभिव्यक्ति के आलोक में जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे को फिर वापस लौटने की भी मांग कर रहे हैं। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि लेह के आंदोलनकारी कई सालों से भूमि संरक्षण व संस्कृति की रक्षा के लिये इस केंद्रशासित प्रदेश को संविधान की छठी अनुसूची का कवच देने तथा पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना था कि केंद्र शासित प्रदेश बनने से क्षेत्र के लोगों की आंकाक्षा पूरी नहीं हुई। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिये आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्द्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय नौकरियों में युवाओं के लिये कोई विशेष अभियान भी नहीं चला। जिससे बेरोजगारों में खासा रोष व्याप्त रहा है। वहीं लद्दाख की अस्मिता को संरक्षित करने के लिये छठी अनुसूची की मांग लंबे समय से की जाती रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाजपा ने वर्ष 2019 के घोषणापत्र में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने का वायदा किया था। लेकिन अब इस पर आनाकानी की जा रही है। आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है।

# संवाद से समाधान तक: लेह-लद्दाख में हिंसा का सबक



ललित गर्ग

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने व संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण देने वाली छठी अनुसूची में शामिल करने के लिये चल रहे आंदोलन का हिंसक एवं विध्वंसक होना, विरोध प्रदर्शन, पुलिस के साथ झड़प और आगजनी की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ-साथ चिन्ताजनक है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और उन्होंने लेह में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आग लगा दी और उसके बाहर खड़े वाहनों को फूंक दिया। आमतौर पर बेहद शांत रहने वाले लद्दाख के लिए यह बहुत बड़ी घटना है। दरअसल, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक दो सप्ताह से अनशन पर थे, उनके साथ अन्य कार्यकर्ता भी अनशनरत थे, जिनकी तबीयत बिगड़ने से जन-आक्रोश एवं हिंसा भड़की। इस हिंसा ने अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर यह घटना वहाँ की जनता के असंतोष और बेचैनी को उजागर करती है, वहीं दूसरी ओर यह संकेत देती है कि लंबे समय से किए जा रहे वादे और आश्वासन क्यों अधूरे रह गए और क्यों स्थानीय लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं?

सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए के प्रावधान हटाने के साथ ही जम्मू-कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाया था। तब सरकार ने वादा किया था कि हालात सामान्य होते ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। लोगों ने सोचा था कि अब उनकी पहचान, संस्कृति और स्थानीय अधिकार और अधिक सुरक्षित होंगे। लेकिन इसके विपरीत उनकी आशंकाएँ बढ़ीं। उन्हें लगा कि संघ शासित प्रदेश के रूप में दिल्ली से संचालित प्रशासन स्थानीय जरूरतों और आकांक्षाओं को समझने और पूरा करने में असफल हो रहा है। इसी कारण 6 साल बाद लोगों का भरोसा और सब्र डगमगाने लगा। इसी के चलते सोनम वांगचुक को अहिंसक आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा, जो कतिपय कारणों से हिंसक हो गया। हालांकि, हिंसा के बाद वांगचुक ने अपना अनशन त्याग कर आंदोलनकारियों से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की हिंसा से शांतिपूर्ण आंदोलन का मेरा संदेश आज विफल हो गया। अगर युवा गलत रास्ते पर जाएंगे, तो इससे हमारे वास्तविक उद्देश्य गुम हो जायेंगे। वाकई, लद्दाख के संयमी समाज को सतर्कता और संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए। वांगचुक का पूरा आंदोलन अहिंसक रहा है। सरकार से मतभेद होने पर भी उन्होंने बातचीत का रास्ता नहीं छोड़ा। उनके समर्थन में खड़े युवाओं को इसे समझना चाहिए। हिंसा से समस्या जटिल हो जाएगी। लद्दाख की जो भौगोलिक स्थिति है, उसे देखते हुए वहां के लोगों को कानून-व्यवस्था के प्रति विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। लद्दाख का केंद्रशासित प्रदेश बनना एक नये सूरज का उदय होना है और इसका वहां के लोगों ने स्वागत भी किया था। इस क्षेत्र को कश्मीर घाटी के वर्चस्व से मुक्ति मिली थी, पर वहां के लोगों की महत्वाकांक्षा को राजनीति रंग देकर एवं संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के अंधेरों में धकेल कर इसके वास्तविक उद्देश्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा की गई है। हिंसा व आगजनी के बाद केंद्र शासित प्रदेश में संचारबंदी लागू की गई है। मीडिया माध्यमों से कुछ आंदोलनकारियों के मारे जाने की बात भी कही जा रही है। प्रतिक्रिया स्वरूप लेह बंद का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यह प्रदर्शन कालांतर हिंसक प्रतिरोध में बदल गया। घटनाक्रम के बाद जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों ने हिंसा के लिये केंद्र को निशाने पर लिया है। कहा गया कि आंदोलनकारी लेह की अस्मिता को संरक्षण देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र व लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच आगामी 6 अक्टूबर, 2025 को एक वार्ता का दौर निर्धारित था, जिसमें लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के सदस्य शामिल होने वाले हैं। जब बातचीत होने ही वाली है, तो ऐसे विरोध प्रदर्शन की क्या जरूरत थी? लेह के लोग अधूरे वायदों से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनमें यह डर है कि अगर शासन उनके हाथ में न रहा तो प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन होगा। इसी वजह से आंदोलनकारियों की हिंसक अभिव्यक्ति सामने आई है। वास्तव में, यह पूरा आंदोलन राजनीतिक प्रवृत्ति का है। इस प्रदर्शन को साफ तौर पर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। कहा जा रहा है कि ताजा विरोध-प्रदर्शन केन्द्र से बातचीत को अनुकूल दिशा में ले जाने की रणनीति का हिस्सा है।

लद्दाख के लोग चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का अधिकार मिले ताकि वे अपने निर्णय स्वयं ले सकें। साथ ही उनकी यह भी माँग है कि उन्हें संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए जिससे उनकी भूमि, संसाधन, परंपराएँ और रोजगार सुरक्षित रहें। रोजगार के अवसरों की कमी और सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं की उपेक्षा ने इस असंतोष को और गहरा किया है। लेह और कारगिल के बीच प्रतिनिधित्व को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। लगातार समितियाँ बनीं, बातचीत हुई, आश्वासन दिए गए, लेकिन जब ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों के भीतर अविश्वास बढ़ा। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिये आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्द्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय नौकरियों में युवाओं के लिये कोई विशेष अभियान भी नहीं चला। जिससे बेरोजगारों में खासा रोष व्याप्त रहा है।

आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है। लोग यह महसूस करने लगे कि उनकी जान-माल की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। लद्दाख की जनता के भीतर असुरक्षा की भावना इसलिए भी है क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी भूमि और संसाधनों पर बाहरी दखल बढ़ रहा है। स्थानीय प्रशासनिक संस्थाएँ जैसे हिल डेवलपमेंट काउंसिल्स कमजोर कर दी गई हैं और महत्वपूर्ण फैसले केंद्र के हाथ में केंद्रित हो गए हैं। इससे यह भावना गहराती है कि स्थानीय समाज की आवाज़ को दबाया जा रहा है। जब लंबे समय तक विश्वास और संवाद की कमी बनी रहती है तो जनता के धैर्य का बाँध टूट जाता है। यह सिर्फ राज्य का दर्जा पाने की माँग नहीं है बल्कि यह आत्म-नियंत्रण, पहचान और न्याय पाने की जद्दोजहद है।

लद्दाख की जनता यह चाहती है कि उनके अधिकारों को संवैधानिक गारंटी मिले, उनके संसाधनों की सुरक्षा हो और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। यदि सरकार ने पहले जो आश्वासन दिए थे, उन्हें समयबद्ध और स्पष्ट तरीके से लागू कर दिया जाता तो शायद स्थिति यहाँ तक न पहुँचती। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार संवाद और विश्वास बहाली की दिशा में ठोस कदम उठाए। संवैधानिक गारंटी देकर, स्थानीय प्रतिनिधित्व को सशक्त बनाकर, रोजगार और शिक्षा की योजनाओं को मजबूती देकर ही इस असंतोष को शांत किया जा सकता है। लद्दाख की जनता को यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके हित सुरक्षित हैं, तभी हिंसा और आक्रोश का माहौल शांति और भरोसे में बदला जा सकेगा। लोगों में यह विश्वास पैदा करना जरूरी है कि फैसलों में लद्दाख के हितों का ख्याल रखा जाएगा। इसका सबसे बेहतर तरीका है पारदर्शिता। वहीं, जनता को भी समझना होगा कि सरकार के लिए हर मांग मानना और तुरंत मानना संभव नहीं होता। -लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# पीडीए की एकता तोड़ना चाहती है बीजेपी: अखिलेश



अजय कुमार

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज गुरुवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि जाति का हमारे समाज से गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पिछड़े वर्गों को जाति के आधार पर ही आरक्षण मिला है और मंडल कमीशन की प्रस्तावना में यह बात दर्ज है कि पिछड़े लोग जाति के आधार पर ही पहचाने जाते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पीडीए यानी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों की एकजुटता से घबराई हुई है। जब से समाजवादी पार्टी ने अलग-अलग विभागों में पीडीए की हिस्सेदारी और तैनाती के आंकड़े सार्वजनिक किए हैं, तबसे भारतीय जनता पार्टी विचलित है और वह समाज के लोगों को अपमानित करने का रास्ता चुन रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार ऐसे मुद्दे गढ़ रही है जिससे पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के बीच पैदा हुई एकता को कमजोर किया जा सके।

योगी सरकार द्वारा हाल ही में जारी उस आदेश पर सवाल खड़े करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अब प्रदेश में एफआईआर, अरेस्ट वारंट या किसी भी सरकारी दस्तावेज पर जाति का उल्लेख नहीं किया जाएगा। इस आदेश को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि जब हरिजन एक्ट ही जाति के आधार पर बना है तो जाति की पहचान को मिटाने की कोशिश क्यों की जा रही है। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए पूछा कि जब प्रदेश में ऐसे मामले हुए हैं जिनमें लोगों ने गंगाजल से मकान धुलवाया या मंदिरों को जातिगत भेदभाव के कारण साफ कराया गया, तो उन पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? उन्होंने कहा कि मैं खुद एक मंदिर गया था जहां मंदिर के पुजारी ने रोकने की कोशिश की, लेकिन भाजपा के ही लोगों ने उस जगह को धुलवाया। भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों किया गया। अखिलेश ने दोहराया कि इस समय समाजवादी पार्टी ही है जिस पर पीडीए समाज का भरोसा कायम हो रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार के मामलों में कठघरे में खड़ा करते हुए तीखे अंदाज में कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि आज खुद सत्तारूढ़ दल के विधायक मंच से बोल रहे हैं कि काम के बदले दस प्रतिशत कमीशन लिया जा रहा है। विधायक इस बात को सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार इस पर ध्यान नहीं देती। इसके बजाय भाजपा हमें क्रीम, पाउडर और शैंपू जैसे मुद्दों में उलझाने की कोशिश कर रही है। अखिलेश यादव ने व्यंग्य करते हुए कहा कि हम भी बाजार जाएंगे और देखेंगे कि आखिर कौन लोग ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार उन लोगों से बात कर रही है और उन्हें बढ़ावा दे रही है, जो ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि आम जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इस मौके पर अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी में शामिल हो रहे नए नेताओं का स्वागत किया। उन्होंने खासकर सुधीर चौहान, पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह, विद्यासागर और बसपा से आए लालजी भारती का जिक्र किया और कहा कि इन नेताओं का पार्टी में आना समाजवादी पार्टी को मजबूती देगा। अखिलेश यादव ने विश्वास जताया कि सामाजिक न्याय और बराबरी की लड़ाई को और अधिक बल देने के लिए ऐसे नेताओं का साथ आना बेहद जरूरी है।

अखिलेश यादव ने लगातार भाजपा पर हमले जारी रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार लोगों को उलझाने का काम कर रही है ताकि जनता मुख्य मुद्दों पर सवाल न पूछ सके। उन्होंने कहा कि भाजपा तबसे घबराई हुई है जबसे समाजवादी पार्टी ने विभिन्न विभागों में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों की वास्तविक हिस्सेदारी का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि पीडीए की हिस्सेदारी नाम मात्र की है, और इन्हें उनके अधिकार से दूर रखने के लिए भाजपा तमाम चालें चल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चाहे कितना भी भ्रम फैलाने की कोशिश कर ले लेकिन सच यह है कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक अब समाजवादी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से सामाजिक न्याय की राजनीति करती रही है और यही रास्ता आगे का भविष्य तय करेगा। जाति को खत्म करने की बजाय अगर समाज को समान अधिकार देने की दिशा में कदम उठाए जाते तो बेहतर होता, लेकिन भाजपा इसके उलट काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जाति व्यवस्था को नकारने से पिछड़ों का हक छिन जाएगा। उन्होंने दोहराया कि मंडल कमीशन के आधार पर ही आरक्षण प्रणाली चली और इसी कारण पिछड़ी जातियों को समान अवसर मिल पाए। अगर जातिगत पहचान और दर्जे से इनकार किया गया तो यह समाज के बड़े वर्ग के हितों का हनन होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा को चुनौती दी कि वह बताए कि अब तक भ्रष्टाचार के मामलों में क्या कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल नारेबाजी करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि उसके शासनकाल में जनप्रतिनिधि तक मंच से मान रहे हैं कि सरकारी व्यवस्था कमीशनखोरी से चल रही है। उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद के हक की बात करने के बजाय भाजपा जनता को झूठे मुद्दों में भटकाने की कोशिश कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने साफ हो चुका है और अब जनता इसे बखूबी समझ रही है।

लखनऊ में आयोजित इस प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव के तेवर साफ दिखे। उन्होंने भाजपा पर सीधा हमला बोला और कहा कि पार्टी पीडीए की एकता से डर रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का ध्यान जनता की समस्याओं और युवाओं के भविष्य को सुधारने पर नहीं है बल्कि वह साजिश करके असली मुद्दों से ध्यान भटका रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समाजवादी पार्टी ही है जिस पर पीडीए समाज का भरोसा है और इस भरोसे को मजबूत करने की दिशा में पार्टी लगातार कार्य कर रही है।

इस बयान और आयोजन का नतीजा यह रहा कि अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया और यह स्पष्ट संदेश दिया कि समाजवादी पार्टी भाजपा को हर मोर्चे पर चुनौती देती रहेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां जनता के खिलाफ हैं और आने वाले समय में समाजवादी पार्टी ही जनता की सच्ची आवाज बनेगी। अखिलेश यादव ने दावा करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी एकमात्र ऐसा विकल्प है जो भाजपा के भ्रष्टाचार, नफरत और भटकाने वाली राजनीति का जवाब दे सकती है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 सितम्बर, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन शुक्लपक्ष चतुर्थी, 09:33 तक, नक्षत्र : विशाखा, 22:02 तक, योग : विष्कंभ, 22:49 तक, सूर्योदय: 5:22, सूर्यास्त: 17:46, चन्द्रोदय : 09:05, चन्द्रास्त: 20:02, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 09:58 से 11:27

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों का आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आपसी कहासुनी हो सकती है। संतान का व्यवहार आपको परेशान कर सकता है।

**वृष :** शुक्रवार का दिन वृष राशि वालों के लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज के दिन आपको परिवार का पूरा सहयोग प्राप्त होगा और दिन सुखद बीतेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन सकारात्मक रहने वाला है। आपका व्यवहार और मजबूत छवि आपके पक्ष में काम करेगी। किसी भी सुनी-सुनाई बात पर ध्यान न दें।

**कर्क :** आज के दिन कर्क राशि वालों को थोड़ी बहुत चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आपको स्वास्थ्य संबंधी परेशानी भी जूझना पड़ सकता है। आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों का दिन शानदार रहने वाला है। कारोबार को लेकर भी आपको चिंता करने की जरूरत नहीं हैं। कारोबार की स्थिति बेहतर दिख रही है।

**कन्या :** कन्या राशि वाले लोगों का आज का दिन चापलूसी करने वालों के साथ बीत सकता है। कन्या राशि के जातक लोगों की मदद करना पसंद करते हैं। कुछ लाभदायक चर्चा ही हो सकती है।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए किसी परीक्षा या प्रतियोगिता की तैयारी करने का सही दिन है। आपको काम में सफलता मिलने के संकेत दिख रहे हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन मिलाजुला और फलदायक रहने वाला है। आज आपकी सोच से विपरीत काम होते हुए दिख रहे हैं। मन प्रसन्न होगा और निराशा दूर होगी।

**धनु :** धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन थोड़ा राहत देने वाला रहेगा। पिछले कुछ दिनों से काम में चल रही परेशानियों से राहत मिलेगी और उसमें सुधार नजर आएगा।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए आज का दिन बुद्धिमत्ता को बढ़ाने वाला रहेगा। सम्मानित लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा, जिससे बड़े लाभ की उम्मीद दिखने लगेगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों को अपने कामों को समय पर निपटाने पर ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र से जुड़े कामों पर आपको विशेष ध्यान देना होगा। आपको थोड़ा सतर्क रहना होगा।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए आज का दिन थोड़ा व्यस्तता से भरा रहने वाला है। दिन के पहले हिस्से में आपको महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता देनी होगी। मानसिक तनाव भी हो सकता है।

## विदेश की खबरें

### गाजा में इजराइली हमले में 17 लोगों की मौत

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी) :** गाजा पट्टी में इजराइली हमले में बृहस्पतिवार को कम से कम 17 लोगों की जान चली गई। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दीर अल-बलाह स्थित अल-अक्सा शहीद अस्पताल के मुताबिक, मध्य शहर ज़वैदा में हुए एक इज़राइली हमले में 12 लोग मारे गए। इस हमले में एक तंबू और एक घर को नुकसान पहुंचा। अस्पताल ने बताया कि पीड़ितों में आठ बच्चे भी शामिल हैं। परिवार के सदस्यों ने बताया कि एक और लड़की अब भी मलबे में दबी हुई है। अस्पताल ने कहा कि दीर अल-बलाह में एक तंबू पर हुए हवाई हमले में एक और लड़की मारी गई तथा सात लोग घायल हो गए। वहीं, खान यूनिस शहर पर भी इजराइल ने हमला किया है। नासेर अस्पताल के मुताबिक, इस हमले में एक इमारत को निशाना बनाया गया जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। इस बीच संघर्ष विराम को लेकर अंतरराष्ट्रीय दबाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिका के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उनके देश ने इस विश्वास के साथ फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दी है कि यह हमास को अलग-थलग करने का एकमात्र तरीका है, जो अपने कई नेताओं के मारे जाने के बाद भी खुद को पुनर्जीवित करने में कामयाब रहा है। उन्होंने बुधवार को कहा, गाज़ा में चल रहे पूर्ण युद्ध से नागरिक हताहत हो रहे हैं, लेकिन इससे हमास का अंत नहीं हो सकता। वास्तव में, यह एक विफलता है।

### रूस ईंधन कई बार उपयोग वाली पहली परमाणु ऊर्जा प्रणाली 2030 तक शुरू करेगा: पुतिन



**मास्को :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि रूस 2023 तक दुनिया की पहली बंद ईंधन चक्र वाली परमाणु ऊर्जा प्रणाली शुरू करेगा, जो खर्च किए गए ईंधन का कई बार पुन: उपयोग करेगी और यूरेनियम आपूर्ति की आवश्यकता को काफी कम कर देगी। पुतिन ने यहां विश्व परमाणु सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह घोषणा की, जिसमें अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी सहित कई देशों के नेता शामिल हुए। पुतिन ने कहा, ''2030 की शुरुआत में, हम रूस के टॉम्स्क क्षेत्र में बंद ईंधन चक्र वाली दुनिया की पहली परमाणु ऊर्जा प्रणाली शुरू करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें खर्च किए गए ईंधन का 95 प्रतिशत यानी लगभग पूरी मात्रा का रिएक्टर में कई बार पुन: उपयोग किया जा सकेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3219

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| 12 | | 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | |
| ■ | ■ | | ■ | 16 | | | 17 | | ■ |
| 18 | 19 | | ■ | | ■ | ■ | 20 | | |
| 21 | | ■ | 22 | | | | ■ | | ■ |
| | ■ | 23 | | | ■ | ■ | 24 | | 25 |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | ■ | |

*बायें से दायें :-* 1) अनुसार, 5) भारत का एक राज्य, 7) खाने-पीने का संयम, 8) कैफ़, 10) बादशाही, 12) निर्बल, 14) जी; चित्त, 15) एकदम, 16) स्थिर, 18) बौना, 20) बिक्री, 21) भलाई, 22) शान, 23) लौटाया हुआ, 24) आज़ाद, 26) चाँटा, 27) अपकीर्ति.

*ऊपर से नीचे :-* 1) औचक, 2) सौंदर्य, 3) अन्योन्य, 4) जिसे बुढ़ापा और मृत्यु न आवे, 5) एक तिलहन, 6) मच्छीमार, 9) साँझ, 11) पिता, 13) यौवन, 15) निर्दोष, 16) अभागा, 17) भस्म, 18) बेहूदी; अश्लील, 19) राय; नहीं, 22) पानी, 23) मुखध्वनि, 24) मालिक; धनी, 25) बड़ी प्राकृतिक जलधारा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ■ | प | क्ष | ■ | ■ | प्र | या | ग | ■ |
| न | ■ | र | ■ | वि | चि | त्र | ■ | ज | मा |
| स | मा | चा | र | प | त्र | ■ | ■ | व | र्ग |
| नी | ला | ■ | ■ | र्या | ■ | आ | म | द | ■ |
| ■ | ■ | अ | व | स | र | ■ | त | न | या |
| बे | ला | ■ | ज़ | ■ | स | र्व | दा | ■ | त |
| अ | र | मा | न | ■ | भी | ■ | ता | न | ना |
| द | ■ | दा | दा | ■ | ना | गा | ■ | का | ■ |
| ब | र्फ़ी | ■ | र | द्दी | ■ | ल | ह | र | ना |

## सुडोकू-पहेली-3176

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | | 4 | |
| | | | | | 1 | | | |
| 6 | 5 | | | | | 2 | | |
| | | | | 5 | 2 | | | 9 |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | |
| | | 4 | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 1 | | |
| 5 | 3 | 1 | | | | | 6 | |
| | 8 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3175 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 2 | 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 |
| 1 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 |


चेतला अग्रणी


एक्रोपोलिस मॉल


श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब

## न्यूज ब्रीफ

### 66% कोलकाता निवासी चुनते हैं घरेलू ब्राण्ड्स, रूकम कैपिटल ने किया अध्ययन

**कोलकाता, समाज्ञा :** रूकम कैपिटल की न्यू इंडिया रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता के उपभोक्ता तेजी से घरेलू और स्थानीय ब्राण्ड्स की ओर आकर्षित हो रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि शहर के 66 फीसदी उपभोक्ता घरेलू ब्राण्ड्स को अपनी पहली पसंद मानते हैं, जबकि 58 फीसदी स्थानीय और छोटे कारोबारों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उपभोक्ताओं का यह रुझान न केवल संस्कृति और परम्पराओं से जुड़ाव को दर्शाता है, बल्कि समुदाय उन्मुख उद्यमों के प्रति भरोसे को भी मजबूत करता है। अध्ययन के अनुसार, कोलकाता में 43 फीसदी उपभोक्ता चीनी रहित मिठाइयों को पसंद कर रहे हैं, वहीं 41 फीसदी उपभोक्ता हाथ से बने उत्पादों और सांस्कृतिक धरोहर को महत्व देते हैं। सोशल मीडिया का प्रभाव भी साफ दिख रहा है, क्योंकि 55 फीसदी उपभोक्ता उन्हीं ब्राण्ड्स को चुनते हैं जिनकी ऑनलाइन मौजूदगी मजबूत है। साथ ही, डिजिटल भुगतान में यूपीआई 40 फीसदी उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन चुका है। यह अध्ययन भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती सोच और खरीदारी के आधुनिक तरीकों पर महत्वपूर्ण प्रकाश डालता है।

### उज्जीवन एसएफबी ने अहिरीटोला सर्बोजोनिन दुर्गा पूजा में भव्य 35 फीट चांदमाला स्थापना का किया अनावरण

**कोलकाता :** दुर्गा पूजा, भारत के सबसे जीवंत त्योहारों में से एक है जो विस्तृत पंडालों, दुर्गा मां की खूबसूरती से बनी मूर्तियों, संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक समारोहों के माध्यम से समुदायों को एक साथ लाता है। इस खास मौके पर, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अहीरिटोला, सरबोजोनिन दुर्गा पूजा में 35 फुट (ऊंचाई) 10 फुट (चौड़ाई) की चांदमाला की स्थापना की है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के मुख्य विपणन अधिकारी लक्ष्मण वेलयुथम ने कहा, उज्जीवन में हम उन समुदायों का हिस्सा बनने में विश्वास करते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं। दुर्गा पूजा के अवसर पर, उज्जीवन का लक्ष्य इस ऐतिहासिक चांदमाला इंस्टॉलेशन के माध्यम से बंगाल की समृद्ध विरासत का जश्न मनाना है, जो इसके समृद्ध और बहुरूपदर्शी रंग और धुनाची नाच में परिलक्षित होती है।

### बिंगो टेढे मेढे लौट रहा है कोलकाता में रॉकांजली पूजा टूर के साथ

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में इस दुर्गा पूजा, बिंगो टेढे मेढे लौट रहा है रॉकांजली पूजा टूर के दूसरे संस्करण के साथ-शहर का अनोखा कंसर्ट ऑन व्हील्स जिसने पिछले साल शहर में तहलका मचा दिया था। बंगला रॉक का जश्न मनाते हुए, रॉकांजली पूजा टूर 27 सितंबर को सड़कों पर उतरेगा, कोलकाता के दुर्गा पूजा उत्सव में पांच दिनों की हाई-ऑक्टेन लाइव म्यूज़िक पेशकश लेकर आएगा। पंचमी से नवरात्रि तक, परंपरा को समकालीन रॉक की धुन के साथ जोड़ते हुए घूमता हुआ मंच प्रतिष्ठित पूजा पंडालों को रोशन करेगा। प्रत्येक स्थल पर एक चाट स्टॉल भी होगा, जहां विजिटर्स अपने पसंदीदा बिंगो टेढे मेढे चाट का आनंद ले सकते हैं, जिससे यह जश्न कानों और स्वाद दोनों के लिए एक सच्चा उत्सव बन जाएगा।

## श्री अग्रसेन कॉलेज लिलुआ में दो दिवसीय दीक्षान्त समारोह संपन्न

### 500 विद्यार्थियों को सफलता हेतु मान-पत्र देकर किया गया सम्मानित




**हावड़ा :** 'यह आयोजन श्री अग्रसेन कॉलेज लिलुआ की स्थापना के उद्देश्यों की सार्थकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है जहां 500 से ज्यादा विद्यार्थी अपनी उच्च-शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण कर अपने अगले गंतव्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं।' यह उद्गार राज्य के प्रथम स्वपोषित कॉलेज 'श्री अग्रसेन कॉलेज लिलुआ, हावड़ा' के दो दिवसीय दीक्षान्त समारोह के समापन अवसर पर आज कॉलेज के प्रेक्षागृह में कॉलेज की शिक्षा पूरी कर विदा हो रहे विद्यार्थियों को उनके प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए कॉलेज के चेयरमैन महावीर प्रसाद सराफ ने व्यक्त किए। इन सभी विद्यार्थियो के लिए पूरे कॉलेज परिवार की ओर से उज्जवलतम भविष्य की कामना करते हुए सराफ ने कहा कि इन्हें इनके कर्त्तव्य पथ पर मनोवांछित सफलता प्राप्त हो और ये राष्ट्र और समाज के उत्थान में अपना अहम योगदान दें।


इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या शोभोनीता दत्ता ने इस अवसर पर कहा कि विद्यार्थियों को इनकी सफलता के लिए सम्मानित कर जहां हमें खुशी हो रही है वहीं इन विद्यार्थियों से बिछुड़ने की पीड़ा भी मन मे है लेकिन इसके बावजूद इन विद्यार्थियों के जीवन की नयी शुरुआत सशक्त हो ओर हमारे विद्यार्थी सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पहुंच कर हमें गौरवान्वित करेंगे इसका हमें पक्का विश्वास है। दो चरणों में आयोजित इस समारोह में श्री अग्रसेन कॉलेज लिलुआ से बी.ए., बी.एससी, बी.कॉम, बी.बी.ए. की अपनी अध्ययन यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने वाले 500 से ज्यादा विद्यार्थियों को विधिवत उनका मान-पत्र प्रदान किया गया।

अनेक विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रबंधन के प्रति भावुक कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि हर हाल में हर प्रकार से विद्यार्थियों की मदद को तत्पर रहते हुए उन्हें सफलता के मुकाम तक पहुंचाने में यहां के प्रबंधन से लेकर प्रोफेसरों तक का समर्पण सहयोग वंदनीय है। महामारी जैसी विषम परिस्थितियों में आर्थिक रूप से हर सम्भव रियायत व कॉलेज की संस्थापक न्यासी श्रीमती बिमला देवी सराफ की स्मृति में सैकड़ों विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देकर उनकी उच्च शिक्षा का मार्ग सुगम बनाने की भी कई छात्र छात्राओं ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस भव्य विराट आयोजन की सफलता में पूरे कॉलेज का परिवार सक्रियता रहा।

### बेलदा में साइबर ठगी का शिकार हुई गृहिणी, खाते से उड़े 23 हजार


**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के बेलदा थाना क्षेत्र में एक गृहिणी साइबर ठगी का शिकार हो गईं। आरोप है कि बैंक मैनेजर बनकर फोन करने वाले ठगों ने ऑनलाइन एप्लिकेशन के माध्यम से लिंक पर क्लिक करवाकर उनके बैंक खाते से करीब 23 हजार रुपये उड़ा लिए। बताया गया है कि बाखराबाद ग्राम पंचायत के मनिराज गांव निवासी बकुल चक्रवर्ती नामक गृहिणी ने आगामी पूजा के अवसर पर स्कूटी खरीदने के लिए बैंक खाते में पैसे जमा किए थे। उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने स्वयं को बैंक मैनेजर बताते हुए कहा कि उनके खाते में 2800 रुपये डाले जाएंगे और इसके लिए उन्हें एक एप्लिकेशन खोलकर नोटिफिकेशन पर क्लिक करना होगा। गृहिणी के अनुसार, उन्होंने पहले दो बार इनकार किया, लेकिन जब खाते को बंद करने की धमकी दी गई तो उन्होंने नोटिफिकेशन पर क्लिक कर दिया।


राजडांगा नव उदयन संघ


बराहनगर नेताजी कॉलोनी लो लैंड दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते सांसद व अभिनेता दीपक अधिकारी (देव) एवं बराहनगर म्युनिसिपालिटी के उपाध्यक्ष पार्षद दिलीप नारायण बोस तथा अन्य गणमान्य।

## चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स ने वित्त वर्ष 2025-26 में 400वां इंजन का किया उत्पादन

**चित्तरंजन :** भारतीय रेलवे की कैप्टिव इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव निर्माता चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडबल्यू) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के 148 कार्य दिवसों में सबसे तेज 400 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का उत्पादन कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। 400वां लोकोमोटिव गुरुवार को चित्तरंजन वर्कशॉप परिसर से रवाना किया गया, जिसमें 300 इंजन चित्तरंजन यूनिट और 100 इंजन सीएलडबल्यू की डानकुनी सहायक इकाई द्वारा निर्मित किए गए। इस वर्ष 400 इंजनों का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में 45 दिन पहले पूरा किया गया। डानकुनी इकाई ने 100 इंजनों का उत्पादन कर इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जबकि चित्तरंजन यूनिट ने भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा। वित्तीय वर्ष की शुरुआत में 302 इंजनों का उत्पादन किया गया था, जिसमें चित्तरंजन ने 228 और डानकुनी ने 74 इंजन तैयार किए। महाप्रबंधक विजय कुमार ने टीम को बधाई दी और कहा कि रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित 777 इंजनों के लक्ष्य को हासिल करना निश्चित है। इस उपलब्धि से सीएलडबल्यू की उत्पादन क्षमता और दक्षता का प्रमाण मिलता है और यह कंपनी की निरंतर प्रगति को दर्शाता है।


टाला प्रत्यय

## पूर्व रेलवे ने महिलाओं के स्वास्थ्य और मेनोपॉज जागरूकता पर विशेष संगोष्ठी का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने चल रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत गुरुवार को अपने हेडक्वार्टर, फेयरली प्लेस में ऑस्टियोपोरोसिस और मेनोपॉज विषय पर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त महाप्रबंधक, प्रिंसिपल चीफ मेडिकल डायरेक्टर, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ चिकित्सक और अधिकारी उपस्थित थे। संगोष्ठी के दौरान विशेष सत्र में बोन मिनरल डेंसिटी टेस्टिंग आयोजित की गई और ऑस्टियोपोरोसिस के लक्षण, प्रभाव और उपचार तथा मेनोपॉज से संबंधित मुद्दों पर पावरपॉइंट प्रस्तुति दी गई। श्री देउस्कर ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ महिला ही परिवार और समाज की रीढ़ होती है। उन्होंने नियमित व्यायाम और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व रेलवे की सांस्कृतिक टीम ने जागो नारी शीर्षक से सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण का संदेश मजबूती से प्रकट हुआ।


वेलिंग्टन नागरिक कल्याण समिति के दुर्गा पूजा पंडाल के उद्घाटन में सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय, विधायक नयना बंद्योपाध्याय, भूतपूर्व पार्षद सुमन सिंह, संरक्षक शम्भूनाथ जायसवाल, चेयरमैन रतन अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल राजू, अध्यक्ष उमाशंकर जायसवाल, जायसवाल संरक्षक संघ के उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र जायसवाल, अवधेश साव, सचिव दिनेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष रतन लाल गुप्ता, सहस्रार्जुन समारोह समिति के अध्यक्ष विकास जायसवाल डब्बू, जायसवाल संरक्षक संघ के सचिव राजेश जायसवाल, मनोहर जायसवाल, अनिल साईं, सरोज जायसवाल व अन्य उपस्थित रहे।


पूर्वांचल शक्ति संघ

## उत्तर कोलकाता में 'द बंगाल फाइल्स' प्रदर्शन पर रोक के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता में हाथीबागान स्थित स्टार थिएटर सिनेमा हॉल के सामने द बंगाल फाइल्स फिल्म के प्रदर्शन पर रोक के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध का नेतृत्व उत्तर कोलकाता ज़िले की संपादक पूर्णिमा चक्रवर्ती ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता भोला प्रसाद सोनकर, यशवंत सिंह, विश्वजीत शाहा, सुजीत चटर्जी, राज्य नेता दीपू बैइठा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और आम जनता शामिल हुई। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि द बंगाल फाइल्स को तत्काल पश्चिम बंगाल के सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जाए, ताकि राज्य की जनता अपने इतिहास की सच्चाई से वंचित न रहे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि फिल्म पर रोक लगाना जनता के अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इसे शीघ्र सिनेमाघरों में नहीं दिखाया गया, तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ।

## बजाज फाइनेंस ने दुर्गापुर में आयोजित किया नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड साइबर सुरक्षा अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बीएफएल) ने दुर्गापुर में 'नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड' नामक साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया। यह अभियान कंपनी के 100-शहरी साइबर सुरक्षा कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर खतरों से अपने वित्त को सुरक्षित रखने के उपायों के बारे में शिक्षित करना है। कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक की एनबीएफसी के लिए 2024 की धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन दिशानिर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया। दुर्गापुर पुलिस के सीई (ए) रणबीर कुमार बाग ने उपस्थित लोगों को चेताया कि स्कैमर्स अक्सर डिजिटल रूप से कम जागरूक लोगों को निशाना बनाते हैं और संवेदनशील जानकारी साझा करने या हानिकारक लिंक पर क्लिक करने के लिए मजबूर करते हैं। उन्होंने जनता से सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की। इस अवसर पर आसनसोल साइबर पुलिस की एलएसआई मिस स्वर्णाली पाल और दुर्गापुर साइबर पुलिस सेल के एएसआई देबब्रत मंडल ने व्यावहारिक साइबर सुरक्षा सुझाव साझा किए। बीएफएल के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से नागरिकों को सुरक्षित रहने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। अभियान में ओटीपी, पिन साझा न करने, संदिग्ध ईमेल और क्यूआर कोड्स से बचने जैसी सावधानियों पर जोर दिया गया।



## कोलकाता मेट्रो ने एक दिन, एक घंटा, एक साथ अभियान से स्वच्छता और पर्यावरण को दी प्राथमिकता

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने देशव्यापी अभियान स्वच्छता ही सेवा 5.0 के अंतर्गत एक दिन, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य मेट्रो परिसरों को स्वच्छ और हरित बनाकर देश को साफ-सुथरा बनाना है। इस अभियान के तहत स्टेशनों, ट्रेनों और अन्य रेलवे परिसरों में गहन सफाई और सैनिटाइजेशन ड्राइव चलाया गया। मेट्रो कर्मचारी विभिन्न स्टेशनों पर सफाई में शामिल हुए, जबकि यात्रियों से भी मेट्रो परिसर स्वच्छ रखने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेट्रो अधिकारियों और कर्मचारियों ने तपन सिन्हा मेमोरियल हॉस्पिटल और विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर श्रमदान किया। मास्टरदा सूर्य सेन मेट्रो स्टेशन पर इलेक्ट्रिकल विभाग द्वारा वृक्षारोपण अभियान भी आयोजित किया गया। नोआपाड़ा और हावड़ा मेट्रो स्टेशनों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से यात्रियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। मेट्रो रेल भवन में बच्चों के लिए सिट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मेट्रो कर्मचारियों के बच्चे शामिल हुए।



# पंडाल थीम का उद्देश्य- संगठित परिवार की परंपरा को पुनर्जीवित करना

**हुगली, समाज्ञा :** नेताजी मोड़ सार्वजनिक दुर्गा कमेटी इस वर्ष अपनी दुर्गापूजा थीम 'अकेलापन जब घर बन जाता है' के जरिए समाज को परिवार संगठित रखने का संदेश दे रही है। समिति के आठवें वर्ष में तैयार यह थीम लोगों को सोचने पर मजबूर कर रही है।

समिति के आयोजक और श्रीरामपुर नगरपालिका के सीआईसी पिंटू नाग ने बताया कि पिछले वर्ष सातवें साल में हरिद्वार की हर की पौड़ी पर आधारित थीम बनाई गई थी, जबकि इस बार एक संवेदनशील सामाजिक मुद्दे को थीम का रूप दिया गया है। नाग ने कहा कि पहले के समय में संयुक्त परिवार एक ही छत के नीचे रहते थे। आंगन में तुलसी होती थी और घर में सुख-शांति, सुकून और समृद्धि का माहौल होता था। दादा-दादी, बेटा-बहू, पोता-पोती, भाई-भौजाई सब मिलकर एक साथ दुर्गापूजा जैसे त्योहार मनाते थे। लेकिन आज के दौर में रिश्तों का मेल टूट रहा है। धन-दौलत सब कुछ होने के बावजूद परिवार बिखर गए हैं और आत्मा का अटूट बंधन कमजोर हो गया है। उन्होंने कहा कि आज बेटे-बहू और पोते-पोतियां विदेशों में रहते हैं, अथाह धन भेजते हैं, लेकिन बुजुर्ग माता-पिता के अंतिम समय में उनके साथ नहीं होते। कुछ तो माता-पिता को वृद्धाश्रम तक भेज देते हैं। बदलती मानसिकता और फ्लैट कल्चर ने संयुक्त परिवार की परंपरा को तोड़ दिया है। पिंटू नाग ने स्पष्ट किया कि इस बार की थीम का मकसद लोगों की सोच को बदलना है। यदि इस थीम से कुछ भी परिवर्तन आता है और लोग फिर से संगठित परिवार की परंपरा को अपनाने लगते हैं, तो यही इस प्रयास की सबसे बड़ी सफलता होगी। साथ ही, पर्यावरण को प्रदूषण-मुक्त रखने के लिए पूजा पंडाल पूरी तरह प्राकृतिक सामानों से तैयार किया गया है। इसमें किसी भी प्रकार के हानिकारक या प्रदूषण फैलाने वाले सामानों का उपयोग नहीं किया गया है।



**पंडाल सजावट :** इस थीम को जीवंत करने के लिए पंडाल को 80-90 के दशक की चिट्ठियों, टेलीफोन और पुराने उपकरणों के संग्रह से सजाया गया है। इसका उद्देश्य लोगों को पुराने समय की याद दिलाना और यह बताना है कि भले ही साधन सीमित थे, लेकिन रिश्तों की मजबूती और पारिवारिक जुड़ाव अटूट था।

# कोलकाता में गेस्ट हाउस में भीषण आग, पांच दमकल गाड़ियां मौके पर

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के आनंदपुर थाना अंतर्गत प्रिंस अनवर शाह रोड पर बने ब्लू चेरी गेस्ट हाउस में गुरुवार की दोपहर अचानक आग लग गई। आग इमारत की चौथी मंजिल पर भड़की, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगने की घटना दोपहर करीब 1 बजे सामने आई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग ने तुरंत पांच फायर टेंडर मौके पर भेजे और आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू कीं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल, अग्निशमन अभियान जारी है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अंदर कोई फंसा न रह जाए।



प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। लोगों ने बताया कि गेस्ट हाउस से घना धुआं निकलता देख लोग बाहर भागने लगे। पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर मौजूद हैं और आसपास के इलाके को सुरक्षित कर दिया गया है। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। प्रशासन की ओर से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन संपत्ति के बड़े नुकसान की आशंका जताई जा रही है। राहत एवं बचाव कार्य तेजी से चल रहा है।

## प्लैटिनमआरएक्स के साथ हर महीने दवाइयों के खर्च पर 50-60% तक बचत

**कोलकाता :** प्लैटिनमआरएक्स, एक ऑनलाइन फार्मेसी है, जो मरीजों को उनके मासिक दवा खर्च में 50-60% तक की बचत करने में मदद कर रही है। भारत भर में 10 लाख से अधिक लोग, जिन्हें डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोग जैसी दीर्घकालिक बीमारियाँ हैं, अब नियमित रूप से प्लैटिनमआरएक्स मोबाइल ऐप से दवाइयाँ ऑर्डर करते हैं। प्लैटिनमआरएक्स के सह-संस्थापक आशुतोष पांडे ने कहा, प्लैटिनमआरएक्स की शुरुआत एक सरल विश्वास से हुई कि गुणवत्ता वाली दवाइयाँ किसी के लिए भी लग्जरी नहीं होनी चाहिए। दीर्घकालिक मरीज हर महीने हजारों रुपए दवाइयों पर खर्च करते हैं। हमारा उद्देश्य इस बोझ को कम करना और हर परिवार के लिए स्वास्थ्य सेवा सस्ती बनाना है।

## पश्चिम मेदिनीपुर में दो अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल, दो की हालत गंभीर

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के बेलदा और केशियारि में बुधवार की रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बेलदा-केशियारि राजमार्ग पर केशियारि थाना क्षेत्र के फांदाड़ पेट्रोल पंप के पास, बेतहाशा गति से चल रही मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक फुचका व्यवसायी की टॉली से टकरा गई। इस दुर्घटना में फुचका व्यवसायी और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही, मोटरसाइकिल सवार युवक भी घायल हुआ। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल लोगों को बेलदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, महिला घायल की स्थिति गंभीर होने पर




उसे अन्यत्र स्थानांतरित किया गया। इसी क्रम में, नारायणगढ में भी राष्ट्रीय मार्ग पर एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ और उसे बेलदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वर्तमान में उसकी हालत अस्पताल में स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाओं के मामलों में जांच शुरू कर दी है।

## मोहम्मद अली पार्क यूथ एसोसिएशन के पूजा मंडप का हुआ भव्य उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मोहम्मद अली पार्क यूथ एसोसिएशन की ओर से अपने 57वें वर्ष में निर्मित दुर्गा पूजा मंडप का गुरुवार को बेहद भव्य तरीके से सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने इसका उद्घाटन किया। इस वर्ष के थीम शक्ति सागर के जरिये - दिव्य नारी और शाश्वत रक्षक को एक श्रद्धांजलि अर्पित करने की कोशिश की गई है। इस अवसर पर रेहाना खातून (पार्षद एवं वार्ड-को ऑर्डिनेटर), पियाल चौधरी (पार्षद), राजेश सिन्हा (पार्षद), स्मिता बख्शी (पूर्व विधायक), संजय बख्शी (पूर्व विधायक), इरफान अली ताज , रामचंद्र बडोपलिया, महेंद्र अग्रवाल , अशोक ओझा, प्रमोद चांडक, सुभाष गोयनका, पवन बंसल, गणेश शर्मा के साथ समाज के कई अन्य गणमान्य व्यक्ति इसमें मौजूद थे। इस वर्ष के पूजा मंडप में कला, अध्यात्म और पर्यावरणीय चेतना का एक अद्भुत संगम है, जो देवी को शाश्वत रक्षक, पालनहार और स्त्री शक्ति



के अवतार के रूप में मनाता है। मंडप के उपरी हिस्से में भगवान कृष्ण की एक दीप्तिमान मूर्ति, जो शाश्वत कालचक्र धारण किए हुए है, आगंतुकों का स्वागत करती हुई दिखाई देगी, जो न्याय, करुणा और ब्रह्मांडीय सद्भाव के संतुलन का प्रतीक है। इस मौके पर मोहम्मद अली पार्क यूथ एसोसिएशन के महासचिव सुरेंद्र कुमार शर्मा ने पत्रकारों से कहा कि इस वर्ष की थीम शक्ति सागर, केवल एक कलात्मक रचना नहीं है, बल्कि यह शक्ति, सद्भाव और पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के लिए लोगों से हमारी सामूहिक प्रार्थना है। हम इस उत्सव को दिव्य स्त्रीत्व और हमारे ग्रह के संरक्षण को समर्पित करते हैं, साथ हीं सभी को याद दिलाते हुए कि प्रकृति की रक्षा के बिना कोई भी पूजा अधूरी है।

## सागरदिघी में दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर, चालक की आग में झुलसकर मौत

**मुर्शिदाबाद :** जिले के के सागरदिघी में गुरुवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 12 पर दो ट्रक आमने-सामने टकरा गए, जिससे आग लग गई और एक चालक की आग से झुलसकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सागरदिघी के शेखदिघी बस स्टैंड के पास पेट्रोल पंप के समीप एक चाय लदे ट्रक और एक बालू लदे ट्रक की आमने-सामने टक्कर हुई। टक्कर के तुरंत बाद चाय लदे ट्रक में आग लग गई, जो अन्य ट्रक तक फैल गई और भयावह रूप ले लिया। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक और खलासी घायल हुए। चाय लदे ट्रक का खलासी आग से बाहर निकलने में सफल रहा, लेकिन चालक फंस गया और गंभीर रूप से झुलसकर उसकी मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, चाय लदे ट्रक का मार्ग असम से मुर्शिदाबाद की ओर था और वह सही लेन में चल रहा था।



वहीं, बालू लदे ट्रक का चालक अपनी लेन से निकलकर उलटी दिशा में चला गया। दोनों ट्रकों की गति अधिक होने के कारण टक्कर टल नहीं सकी। घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल की गाड़ी और पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कुछ समय के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया और घायल चालक को बचाया। इस हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी लंबा जाम लग गया। पुलिस अब हादसे में फंसे ट्रकों को हटाने का प्रयास कर रही है।

# बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड का 108वां वार्षिक आम बैठक, वित्तीय प्रदर्शन में दर्ज उल्लेखनीय प्रगति

**कोलकाता, समाज्ञा :** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक उपक्रम बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड का 108वां वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 23 सितंबर को आयोजित हुआ। इस अवसर पर चेयरमैन ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितताओं, सप्लाई चेन की चुनौतियों और व्यापार मार्गों में अवरोधों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.3% से 6.8% तक रहने का अनुमान है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 2,57,762.84 लाख का नेट टर्नओवर दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.22% अधिक है, जबकि कर पूर्व लाभ 12.61% की वृद्धि के साथ 31,378.99 लाख रहा। रिजर्व और सरप्लस भी बढ़कर 1,35,694.55 लाख हो गया। उपलब्धियों का श्रेय विशेष रूप से ट्रैवल एंड वेकेशंस और लॉजिस्टिक्स यूनिट्स को जाता है, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, इंडस्ट्रियल पैकेजिंग यूनिट ने 40% बाजार हिस्सेदारी कायम रखते हुए रिकॉर्ड वॉल्यूम दर्ज किए, ग्रीस एंड ल्यूब्रिकेंट्स यूनिट ने 250 से अधिक प्रोडक्ट ग्रेड्स के साथ अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी, और केमिकल्स यूनिट ने 7.8% की वृद्धि




के साथ अब तक का सर्वाधिक लाभ अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार प्राप्त किए। लॉजिस्टिक्स बिजनेस ने 24% टॉपलाइन ग्रोथ दर्ज की और कोल्ड चेन ब्रांड 'लॉजिकोल्ड' का विस्तार विजयवाड़ा तक किया, साथ ही रेल लॉजिस्टिक्स में भी नई पहलें शुरू कीं। वहीं, ट्रैवल एंड वेकेशंस यूनिट ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रिकॉर्ड टिकट बुकिंग की और डिजिटल समाधानों के माध्यम से ग्राहक अनुभव को और सुदृढ़ किया। चेयरमैन ने कहा कि बाल्मर लॉरी की विकास यात्रा सतत नवाचार, डिजिटलाइजेशन और स्थायी रणनीतियों पर आधारित रहेगी और आने वाले वर्षों में कंपनी और ऊंचाइयों को छुएगी।

## तमलुक में गोदाम में लगी भयंकर आग, भारी नुकसान की आशंका

**पूर्व मेदिनीपुर**

जिले के तामलुक थाना अंतर्गत श्रीरामपुर बाजार में बुधवार की देर रात एक कबाड़ी गोदाम में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरा गोदाम लपटों में घिर गया और उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गोदाम मोयना राज्य सड़क के किनारे स्थित था। देर रात अचानक आग की लपटें उठीं और पलभर में आग ने विकराल रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने आशंका जताई है कि पास में लगे ट्रांसफॉर्मर से निकली चिंगारी के कारण आग लगी है। घटना से बाजार क्षेत्र और आसपास के मोहल्लों में अफरा-तफरी मच गई। खबर मिलते ही तमलुक थाना पुलिस और दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रशासन ने पास के घरों और दुकानों को सुरक्षित करने के लिए एहतियाती कदम उठाए। गोदाम पूरी तरह खाक हो गया है और उसमें रखा सामान भी जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक आकलन के मुताबिक लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। वन्यजीव विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# 24 सितंबर को मेट्रो में 8.36 लाख से अधिक यात्रियों ने किया सफर

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो यात्रियों की संख्या में भारी उछाल ने दुर्गा पूजा की तैयारियों को और भी जीवंत बना दिया है। 24 सितंबर 2025 को पूरे शहर की मेट्रो लाइनों में 8.36 लाख से अधिक यात्री सफर कर चुके हैं, जो पिछले वर्ष के इसी दिन के 7.93 लाख यात्रियों की तुलना में अधिक है। ब्लू लाइन पर 6.10 लाख से अधिक और ग्रीन लाइन पर 2.05 लाख से अधिक यात्रियों ने सफर किया। दिनभर ब्लू लाइन पर अधिकांश ट्रेन सेवाएं निर्धारित समयानुसार सुचारू रूप से चलती रहीं। येलो, ग्रीन, ऑरेंज और पर्पल लाइनों पर भी यात्री सेवाएं



समयानुसार और व्यवस्थित रूप से संचालित हुईं। यात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन के लिए मेट्रो रेलवे ने डिजिटल टिकटिंग का प्रचार तेज कर दिया है। स्मार्ट कार्ड और मोबाइल क्यूआर टिकट का उपयोग करने पर 5% बोनस/रिबेट उपलब्ध है। गुरुवार से स्मार्ट कार्ड के नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। सुरक्षा जमा राशि 80/- से घटाकर 50/- कर दी गई है, न्यूनतम कार्ड मूल्य 150/- से घटाकर 100/- किया गया है और स्मार्ट कार्ड की वैधता अब 10 वर्ष तक रहेगी। पहले दिन ही यात्रियों ने उत्साह दिखाते हुए 17:00 बजे तक 2839 स्मार्ट कार्ड खरीदे, जबकि कल इसी समय तक केवल 1739 कार्ड बिके थे। मेट्रो सेवा किफायती, सुरक्षित और आरामदायक होने के कारण अधिक से अधिक लोग इसका चयन कर रहे हैं।

## पूजा से पहले रिलीज हुआ 'नवदुर्गा मातृरूपेण संस्थिता' का ट्रेलर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुराणों के अनुसार युगों-युगों से असुर शक्ति का प्रभाव समाज को घेरता आया है। आज के समय में भी जब हिंसा, लोभ, कुसंस्कार और असत्य जैसी नकारात्मक शक्तियाँ समाज को जकड़ रही हैं, तब मानवता और शिक्षा की रोशनी ही मुक्ति का रास्ता दिखा सकती है। इसी विचारधारा को केंद्र में रखकर बनी है नई बांग्ला फ़िल्म 'नवदुर्गा मातृरूपेण संस्थिता'। मंगलवार को कोलकाता प्रेस क्लब में इस बहुप्रतीक्षित फ़िल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया। फ़िल्म के निर्देशक सत्यव्रत कुमार ने कहानी, संवाद, गीत और अभिनय में भी अपनी भूमिका निभाई है। फ़िल्म 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।



**प्रवासी बंगाली संपर्क अभियान के अंतर्गत प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता देवजीत सरकार एवं राजस्थान स्टेट इनचार्ज भरत पुलासरिया कोटा पहुंचने पर बंगाली समाज ने गर्म जोशी से स्वागत किया।**

## नवरात्रि और दुर्गा पूजा के उल्लास को मनाने के लिए ज़ेड ब्लैक ने पेश की 'पवित्र धूना धूपकाठी'

**कोलकाता :** जैसे ही पूर्वी भारत दुर्गा पूजा और नवरात्रि के भव्य उत्सव की तैयारियों में जुटा है, अग्रणी अगरबत्ती ब्रांड ज़ेड ब्लैक ने पेश की 'पवित्र धूना धूपकाठी', जिसे क्षेत्र की गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को ध्यान में रखकर विशेष रूप से तैयार किया गया है। अपनी मिट्टी-सी सोंधी सुगंध और प्राकृतिक संरचना के कारण 'पवित्र धूना' पश्चिम बंगाल, असम, झारखंड और आसपास के राज्यों की पारंपरिक पूजा-विधियों में विशेष स्थान रखता है। लॉन्च के अवसर पर मैसूर दीप परफ्यूमेरी हाउस (एमडीपीएच) और ज़ेड ब्लैक के डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने कहा, दुर्गा पूजा केवल एक पर्व नहीं बल्कि पूर्वी भारत के करोड़ों परिवारों की भावनाओं से जुड़ा उत्सव है। 'पवित्र धूना धूपकाठी' के माध्यम से हमने उस परंपरा और आस्था की सुगंध को संजोने का प्रयास किया है, जो इस मौसम की पहचान है।

## एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया ने पूरे किए 40 साल, सुधांशु वत्स बने नए चेयरमैन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पिडिलाइट इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु वत्स को एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई-एएससीआईख) का नया चेयरमैन चुना गया है। यह घोषणा एएससीआई की 39वीं वार्षिक आम सभा में की गई। खास बात यह है कि अक्टूबर में एएससीआई अपनी स्थापना के 40 वर्ष पूरे करने जा रहा है, ऐसे में यह नियुक्ति एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर हुई है। मुलनलोवे ग्लोबल के एस. सुब्रमण्यम को वाइस-चेयरमैन और प्रोवोकेटर एडवाइज़री के प्रमुख एवं उद्योग विशेषज्ञ पारितोष जोशी को मानद कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सुधांशु वत्स ने कहा कि आज एएससीआई की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। विज्ञापन नई तकनीकों और फॉर्मेट्स के साथ लगातार बदल रहा है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि विज्ञापन ईमानदारी से बने-उत्पाद के वादे पर केंद्रित रहे, समाज का सम्मान करे और उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दे।

## कूचबिहार में सड़क दुर्घटना में दस घायल

**कूचबिहार :** एक दूसरे से आगे निकलने और यात्री उठाने की होड़ में एक यात्री वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में करीब दस यात्रियों के घायल होने की खबर है। घायलों में से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना कूचबिहार जिले के माथाभांगा-फालाकाटा राज्य राजमार्ग पर पारडुबी अस्पताल मोड़ के पास घटी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लंबे समय से यात्रियों को चढ़ाने की होड़ में तेज गति से यात्रीवाही वाहनों का आना जाना लगा रहता है। यह दुर्घटना आज भी उसी कारण हुई है। जब दो यात्रीवाही वाहन माथाभांगा से फालाकाटा जा रही थी। तभी, पारडुबी इलाके में दूसरे यात्रीवाही वाहन से आगे निकलने की होड़ में एक वाहन अनियंत्रित होकर अस्पताल पाड़ा इलाके में सड़क किनारे गड्ढे.में पलटा गई।

## गोडैडी सितंबर सुपर सेविंग्स में लाया नवरात्रि स्पेशल डील्स सिर्फ 99 में

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस नवरात्रि, गोडैडी अपने सितंबर सुपर सेविंग्स अभियान के साथ भारत भर के छोटे बिज़नेसेज को डिजिटल होने का एक बेहतरीन अवसर दे रही है। इस फेस्टिव ऑफर के तहत, नए ग्राहक एक साल की अवधि के लिए केवल 99 में चुनिंदा डोमेन नाम खरीद सकते हैं। 23-29 सितंबर, 2025 के सप्ताह के लिए, ग्राहक इस विशेष मूल्य पर .श्रळीश डोमेन खरीद सकते हैं, जिससे वे फेस्टिव सीजन के लिए समय पर अपनी ऑनलाइन मौजूदगी दर्ज करा सकेंगे। फेस्टिव कीमतों पर डोमेन उपलब्ध कराकर, गोडैडी भारतीय आंत्रप्रेन्योर्स को इस फेस्टिव सीज़न का भरपूर लाभ उठाने का एक किफ़ायती अवसर दे रहा है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उनके प्रोडक्ट और सर्विसेज ऑनलाइन खोजे जा सकें और विश्वसनीय हों।

## पूर्व रेलवे के आरपीएफ ने 400 स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने आगामी दुर्गा पूजा त्योहार के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। यह त्योहार 27 सितंबर से शुरू हो रहा है और रेलवे ने भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष रणनीतियां तैयार की हैं। सुरक्षा इंतजाम लगभग 400 स्टेशनों पर केंद्रित होंगे, जहां प्रत्येक स्टेशन पर त्योहार के दौरान कम से कम 30,000 यात्री आने की संभावना है। बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों जैसे सियालदह और हावड़ा में विशेष होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। रेलवे स्टेशनों और ट्रैक के पास लगभग 200 दुर्गा पूजा पंडालों की पहचान की गई है, जिन्हें अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों द्वारा मॉनिटर किया जाएगा। फील्ड ऑपरेशन को मजबूत करने के लिए रेलवे सुरक्षा विशेष बल की दो अतिरिक्त कंपनियां तैनात की गई हैं, जिससे कुल 4 हजार से अधिक आरपीएफ कर्मी, जिनमें 500 से अधिक महिलाएं शामिल हैं। सुरक्षा बढ़ाने के लिए 3 ड्रोन, 6,551 सीसीटीवी कैमरे, 646 फेस रिकॉग्निशन सिस्टम और 300 मेटल डिटेक्टर का उपयोग किया जाएगा।

इसके अलावा, 24 क्विक रिस्पॉन्स टीमों को रणनीतिक स्थानों पर तैनात किया गया है। आरपीएफ ने राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बलों के साथ भी समन्वय स्थापित किया है। त्योहारी यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी, जिनमें पर्याप्त आरपीएफ कर्मी ऑनबोर्ड सुरक्षा के लिए तैनात होंगे।

# भक्तों की भाव-शुद्धि को पसन्द करते हैं भगवान : पं. शम्भुशरण लाटा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भगवान भक्तों के मन के भावों की शुद्धि को पसन्द करते हैं। मन के भावों की पवित्रता आवश्यक है। जीवन में शुद्ध भाव और प्रेम की प्रधानता होनी चाहिए, अन्यथा जीवन व्यर्थ है। भगवान को 56 भोगों का प्रसाद अर्पित किया जाए और मन में शुद्धि और प्रेम के भाव न हों तो उसका कोई महत्व नहीं रह जाता। मानसकथा मर्मज्ञ, वाणीभूषण पं. शम्भुशरण लाटा ने ये बातें वाणप्रस्थ आश्रम में आयोजित श्रीरामकथा के चतुर्थ दिवस के कथा प्रसंगों के दौरान कहीं। संत श्री परिवार द्वारा आयोजित कथा के प्रारम्भ में व्यासपीठ का पूजन महेश-आशा भुवालका ने किया। पं. शम्भुशरण लाटा ने कहा कि वर्तमान युग में शुद्धता का अभाव देखने को मिलता है, यह धर्मसम्मत नहीं है। पूजा-पाठ ही नहीं, मन-मस्तिष्क में भी शुद्धता रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि



भगवान सरलता और सादगी को पसन्द करते हैं, आडम्बर को नहीं। बनावटी जीवन-शैली ईश्वर कभी पसन्द नहीं करते। प्रसंगों की श्रृंखला में उन्होंने श्रीरामकथा के पुष्प-वाटिका प्रसंग का बड़ा ही प्रभावशाली वर्णन किया। आयोजन को सफल बनाने में बनवारीलाल सराफ, सुरेश कुमार केडिया, पवन कुमार सराफ, प्रवीण खेरूका, रमेश कुमार केडिया, सज्जन केडिया, पुरुषोत्तम सराफ, अनिल अग्रवाल, विजय सराफ, राजेन्द्र धनानिया, राजू छंगाणी, महेस भुवालका आदि सक्रिय थे। इस अवसर पर काफी संख्या से कोलकाता के अलावा दिल्ली, नागपुर, हैदराबाद, बापी, रतनगढ़, चूरू आदि से पधारे भक्तों ने कथा का श्रवण किया।

## अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन में 2025-27 सत्र हेतु राष्ट्रीय पदाधिकारियों की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के 28वें राष्ट्रीय अधिवेशन में वर्तमान सत्र (2025-27) के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की गई। अधिवेशन का आयोजन 6-7 सितंबर 2025 को दिल्ली में हुआ था। अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व ग्रहण करने के बाद पवन कुमार गोयनका ने 6 सितंबर को केदार नाथ गुप्ता को राष्ट्रीय महामंत्री पद के लिए मनोनीत किया। श्री गुप्ता पूर्ववर्ती सत्र (2023-25) में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रहे और उन्होंने अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इसके बाद 25 सितंबर को अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों की औपचारिक घोषणा की गई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर कोलकाता से सम्मेलन के विशिष्ट संरक्षक सदस्य गिरधारी लाल गोयनका, कर्नाटक के संस्थापक डॉ. सुभाष अग्रवाल, बिहार के पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष बिनोद तोदी, दिल्ली के पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष राज कुमार मिश्रा, छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया, गुजरात के निवर्तमान प्रादेशिक अध्यक्ष गोकुल चंद बजाज को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के लिए मनोनित किया गया। इसके अतिरिक्त सम्मेलन के विशिष्ट संरक्षक सदस्य पवन कुमार जालान एवं विशिष्ट संरक्षक सदस्य पवन कुमार बंसल को राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, अनिल कुमार मलावत को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं कामरुप, असम से बसंत कुमार सुराना को राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनीत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार गोयनका ने सभी मनोनीत राष्ट्रीय पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई टीम वर्तमान सत्र के ध्येय वाक्य 'महारी चाह-संगठित समाज' को आगे बढ़ाएंगे एवं तन-मन-धन के साथ सम्मेलन में अपना योगदान देंगे एवं आगामी सत्र में सम्मेलन को नई ऊंचाईयां प्रदान करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

# त्योहारों की भीड़ पर काबू पाने के लिए सियालदह मंडल ने की आधुनिक तैयारियां

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा पर्व के दौरान यात्रियों की अभूतपूर्व भीड़ की आशंका को देखते हुए पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने विशेष इंतज़ाम किए हैं। इन तैयारियों का उद्देश्य यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनाना है। सियालदह और दमदम जंक्शन, जो मंडल के सबसे व्यस्त स्टेशन हैं, हर वर्ष भारी भीड़ का सामना करते हैं। नई मेट्रो लाइनों के खुलने से इस बार यात्री संख्या और बढ़ने की संभावना है। इस चुनौती को देखते हुए मंडल ने पहले से ही कई नई सुविधाएं शुरू कर दी हैं। सियालदह स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर नया प्रवेश द्वार 'प्रफुल्ल द्वार' खोला जाएगा, जिससे पंडाल घूमने वाले और उपनगरीय यात्रियों को राहत मिलेगी। यहां 9 नए टिकट काउंटर खोले गए हैं, जिनमें 7 सामान्य, 1 महिला और 1 दिव्यांगजन के लिए है। साथ ही 3 एटीवीएम, क्यूआर कोड टिकटिंग, ट्रेन संकेतक बोर्ड, दिव्यांगजन हेतु रैंप, जीपीएस घड़ी और बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

दमदम स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर नया बुकिंग ऑफिस खोला गया है, जहां 3 नए काउंटर बनाए गए हैं, जिनमें 1 दिव्यांगजन के लिए होगा। 2 एटीवीएम और क्यूआर कोड टिकटिंग भी शुरू की जा रही है। भविष्य में यहां ट्रेन संकेतक बोर्ड, डिजिटल घड़ी और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली



लगाई जाएगी। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आरपीएफ की विशेष तैनाती की गई है। प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में चोरी, छिनतई व अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए कर्मियों को रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है। स्थानीय पुलिस और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर लगातार सीसीटीवी निगरानी की जाएगी। इसके अलावा, कांचरापाड़ा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर नया सार्वजनिक शौचालय कॉम्प्लेक्स खोला गया है, जिसमें 10 मूत्रालय, 3 वॉशबेसिन और 1 दिव्यांगजन अनुकूल शौचालय बनाया गया है। सियालदह मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे वैध टिकट के साथ यात्रा करें और सहयोग देकर इस त्योहार को सुरक्षित व यादगार बनाएं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जैसलमेर में सड़क हादसे में दंपति सहित तीन की मौत: पुलिस

**जैसलमेर:** राजस्थान के जैसलमेर जिले में बृहस्पतिवार को सड़क हादसे में एक दंपत्ति समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह हादसा भणियाणा थाना क्षेत्र में सरदार सिंह की ढाणी के पास दोपहर में हुआ जब 'बोलेरो कैंपर' वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस का कहना है कि इस हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार भाऊनाथ (35), उसकी पत्नी भंवरी देवी (35) और भंवरी की भतीजी पिंकी (12) की मौके पर ही मौत हो गई।

### अयोध्या में पुलिस ने वेश्यावृति गिरोह के खुलासे के बाद 20 होटलों की ली तलाशी


**अयोध्या (उप्र):** अयोध्या में पुलिस ने एक वेश्यावृत्ति गिरोह का खुलासा होने के बाद शहर के लगभग 20 होटलों में तलाशी ली है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार देर रात उसने अयोध्या के होटलों और गेस्ट हाउसों का निरीक्षण किया लेकिन इस दौरान कोई भी अवैध गतिविधि नहीं पाई गई। पुलिस ने होटल मालिकों को निर्देश दिया कि वे बिना उचित पहचान पत्र के किसी भी अतिथि को कमरा न दें और यदि कुछ संदिग्ध मिले, तो होटल प्रबंधन तुरंत पुलिस को सूचित करे। पिछले शुक्रवार देर रात, पुलिस ने अयोध्या में एक गेस्ट हाउस पर छापा मारा, जहां बड़े पैमाने पर चल रहे एक 'सेक्स रैकेट' का भंडाफोड़ हुआ। वेश्यावृत्ति के धंधे में शामिल 11 महिलाओं समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

### बिहार: इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रावास की छत से गिरने पर छात्रा की मौत, विद्यार्थियों ने किया हंगामा

**नालंदा:** बिहार के नालंदा जिले में एक सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज की एक छात्रा की छात्रावास की छत से कथित रूप से गिरने की वजह से मौत हो गई। अधिकारियों ने घटना के बारे में बृहस्पतिवार को जानकारी दी। छात्रा की जान जाने के बाद आक्रोशित छात्रों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान छात्रों ने पुलिस वाहन को क्षतिग्रस्त करने के अलावा कॉलेज की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के चंडी में स्थित नालंदा इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा सोनम कुमारी बुधवार रात छात्रावास की छत से कथित रूप से गिर गई थी। उन्होंने बताया कि छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन ने सोनम कुमारी को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाने के लिए वाहन उपलब्ध नहीं कराया।

# तेज गति से विकास के लिए बिजली उत्पादन बढ़ाना जरूरी: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**बांसवाड़ा (राजस्थान):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर बिजली के महत्व की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि 21वीं सदी में जिस देश को तेज गति से विकास करना है उसे अपने यहां बिजली उत्पादन बढ़ाना ही होगा। मोदी ने बांसवाड़ा के नापला में विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, ''हमारे देश में कांग्रेस की सरकार ने बिजली के महत्व पर ध्यान ही नहीं दिया। जब 2014 में आपने मुझे सेवा का अवसर दिया और मैंने दायित्व संभाला, तो देश के ढाई करोड़ घर ऐसे थे, जहां बिजली का कनेक्शन नहीं था।



आजादी के 70 साल बाद भी देश के 18 हजार गांवों में बिजली का खंभा तक नहीं लगा था। देश के बड़े-बड़े शहरों में घंटों-घंटों की बिजली कटौती होती थी। गांवों में तो चार-पांच घंटे बिजली आ जाए तो बड़ी बात होती थी।'मोदी ने माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखी, जिसकी लागत लगभग 42,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, 'और उस समय (कांग्रेस के शासन में) लोग एक-दूसरे को बधाई देते थे कि आज एक घंटा बिजली आयी थी, वो हाल थे और बिजली नहीं थी, तो फैक्टरियां भी नहीं चल पाती थीं। नए उद्योग नहीं लग पाते थे। राजस्थान समेत पूरे देश में यही हालत थी।'मोदी ने कहा, '2014 में हमारी सरकार ने इन हालातों को बदलने का संकल्प लिया। हमने देश के हर गांव तक बिजली पहुंचाई। हमने ढाई करोड़ घरों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिया। और जहां-जहां बिजली के तार पहुंचें, वहां बिजली भी पहुंची, वहां लोगों की जिंदगी आसान हुई।'प्रधानमंत्री ने कहा, '21वीं सदी में जिस देश को तेज गति से विकास करना है, उसे अपने यहां बिजली उत्पादन बढ़ाना ही होगा। और इसमें भी सबसे सफल वही देश होंगे जो स्वच्छ ऊर्जा में आगे रहेंगे।'

### अमेरिका में 'बिना दस्तावेजों' के रह रहीं 73 वर्षीय सिख महिला को 33 साल बाद पंजाब वापस भेजा गया

**चंडीगढ़:** अमेरिका में 'बिना दस्तावेजों' के 30 से अधिक वर्षों से रह रहीं 73-वर्षीय एक सिख महिला को इस सप्ताह के शुरू में कैलिफोर्निया में आव्रजन अधिकारियों ने हिरासत में लिया और भारत भेज दिया, उन्हें अपने रिश्तेदारों को अलविदा कहने का भी मौका नहीं दिया गया। महिला के वकील ने यह जानकारी दी। बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में वकील दीपक अहलूवालिया ने कहा, 'बीबी जी (हरजीत कौर) पंजाब वापस आ रही हैं। वह पहले ही भारत पहुंच चुकी हैं।'कैलिफोर्निया में आव्रजन अधिकारियों ने नियमित जांच के बाद कौर को हिरासत में ले लिया, जिससे उनके परिवार और समुदाय के सदस्यों में रोष फैल गया।

## राष्ट्रपति ने वृन्दावन की मंदिरों में की पूजा-अर्चना



**मथुरा (उप्र):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बृहस्पतिवार को वृन्दावन के एक दिवसीय दौरे पर पहुंची और विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रपति ने अपने दौरे के दौरान ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन किये और निधिवन पहुंच राधारानी की प्राकट्य स्थली निहारी एवं स्वामी हरिदास की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। मुर्मू ने सुदामा कुटी में संस्थापक स्वामी सुदामा दास महाराज की जन्मशती पर उनकी भजन स्थली का लोकार्पण किया। इस दौरान राष्ट्रपति के साथ आयीं उनकी पुत्री इतिश्री मुर्मु, दामाद और दोनों नाती भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति विशेष ट्रेन से अपराह्न 10 बजे मथुरा के वृन्दावन रोड स्टेशन पहुंची। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण की अगुवाई में एक दल ने उनका स्वागत किया।

## उत्तर प्रदेश के राजभवन में 5100 कन्याओं का पूजन एवं 100 बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण सम्पन्न हुआ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर बृहस्पतिवार को यहां राजभवन में 5100 कन्याओं का पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह आयोजन प्रेरणा संस्था के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर 100 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने हेतु निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। राजभवन के बयान के मुताबिक इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि बेटियों के सामने कई चुनौतियां होती हैं, इसलिए उन्हें सशक्त बनाने के लिए उनको शिक्षित करना, संस्कारित करना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बेटियों के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनसे वे लगातार आगे बढ़ रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि माता-पिता को जागरूक कर बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना आवश्यक है, क्योंकि यही बेटियां भविष्य में मातृत्व के रूप में समाज को सशक्त और संस्कारवान नागरिक प्रदान करती हैं। पटेल ने कहा कि सड़कों पर भिक्षा मांगने वाले बच्चों को राजभवन के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया है तथा ऐसे 80 बच्चों का नामांकन स्कूलों में कराया गया है और उन्हें विभिन्न प्रकार की कौशल शिक्षा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा, 'यह राजभवन जनता का है। यहां विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम होते रहते हैं जैसे गरबा आयोजन, विद्यालयों के बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं, किसानों के लिए फ्लावर शो और उत्पाद प्रदर्शनी। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं और समाज को लाभ मिलता है।'

## बलरामपुर में 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में बैंक शाखा प्रबंधक समेत दो गिरफ्तार



**बलरामपुर (उप्र):** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एक शाखा प्रबंधक और एक अन्य व्यक्ति को जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके 12 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हड़पने के आरोप में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि पीएनबी के अयोध्या मंडल कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक ने शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि बैंक की नहर बालागंज शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक महेश त्रिपाठी ने अपने आठ सहयोगियों के साथ मिलकर सक्षम अधिकारियों की मंजूरी के बिना कई फर्जी ऋण खाते खोले। कुमार ने कहा, ''उन्होंने करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने के लिए जाली दस्तावेज तैयार किए। जांच के दौरान आरोप सही पाए गए । जांच में पता लगा कि लगभग 46 फर्जी ऋण खाते बनाकर कुल 8.09 करोड़ रुपये का गबन किया गया।

### प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को पटना में करेंगी महिला सम्मेलन और मोतिहारी में रैली

**पटना:** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को बिहार के दौरे पर आएंगी तथा इस दौरान वह महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों से संवाद करेंगी और एक जनसभा को संबोधित करेंगी। बिहार के कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने यहां प्रेसवार्ता इसकी जानकारी दी। प्रेसवार्ता में उनके साथ कांग्रेस महासचिव सैयद नसीर हुसैन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार एवं अन्य नेता मौजूद थे। खान ने बताया, 'प्रियंका गांधी वाड्रा पूर्वाह्न करीब 12 बजे यहां 'महिला संवाद' कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी।

## बिहार के गयाजी में रील बनाते समय पांच किशोर डूबे



**गयाजी:** बिहार के गयाजी में बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया के लिए वीडियो शूट करते समय पांच किशोरों की फाल्गु नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना दोपहर करीब 1.30 बजे खिजरा सराय थाना क्षेत्र के केनिस्थल पहाड़ घाट पर हुई। उसने बताया कि मृतकों की पहचान जैन (14), शुफियाना (16), साजिद (16) और अनस कुमार (17) के रूप में की गई है, जबकि पांचवें की पहचान अभी नहीं हो पाई है। खिजरसराय के थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया, ''सात लड़के नदी में रील बनाने गए थे। तेज धारा में बह जाने से वे डूबने लगे। मौके पर मौजूद स्थानीय तैराक रंजय मांझी ने नदी में छलांग लगाकर दो बच्चों को बचा लिया। शेष पांच को नहीं बचाया जा सका।'

## न्यूज अपडेट

### जन सुराज पार्टी ने मंत्री अशोक चौधरी से जुड़े जमीन खरीद मामले में कागजात पेश किए

**पटना :** जन सुराज पार्टी ने बृहस्पतिवार को बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनसे जुड़े जमीन खरीद मामलों के दस्तावेज सार्वजनिक किए। पार्टी के प्रदेश महासचिव और पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना ने प्रेसवार्ता में आरोप लगाया कि मंत्री की पत्नी, बेटी और उनसे जुड़े ट्रस्ट ने बाजार मूल्य 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां कम कीमत पर खरीदीं। किशोर कुमार ने कहा कि अशोक चौधरी की पत्नी नीता केसकर चौधरी ने 2021 और 2022 में पटना में दो प्रॉपर्टी खरीदी, जिन पर करीब सात करोड़ रुपये खर्च किए गए। उन्होंने कहा, ''एक संपत्ति के दस्तावेज में उन्होंने पति अशोक चौधरी का नाम लिखा जबकि दूसरी संपति पिता के नाम का उल्लेखकर खरीदी । सवाल है कि इतनी बड़ी रकम का स्रोत कहां से आया और अलग-अलग पहचान क्यों दी गई।' उन्होंने बताया कि नीता केसकर चौधरी पंजाब नेशनल बैंक से तीन करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के एक अन्य मामले में भी आरोपी हैं, जो फिलहाल उच्चतम न्यायालय में लंबित है। जन सुराज पार्टी ने मानव वैभव विकास ट्रस्ट द्वारा खरीदी गई छह संपत्तियों के दस्तावेज भी जारी किए। किशोर कुमार ने कहा कि 2021 और 2022 के बीच पटना के पॉश इलाकों में करीब 47 करोड़ रुपये में संपत्तियां खरीदी गईं, जिनकी बाजार कीमत 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

### 'आई लव मोहम्मद' पोस्टरों को लेकर मौलाना के प्रदर्शन के आह्वान से पहले बरेली में 'फ्लैग मार्च'

**बरेली :** जिले के मौलाना तौकीर रजा द्वारा विरोध प्रदर्शन के आह्वान के बीच बरेली में अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को 'फ्लैग मार्च' निकाला। मौलाना तौकीर रजा ने आई लव मोहम्मद पोस्टरों के मुद्दे पर शुक्रवार को इस्लामिया मैदान में धरना देने की घोषणा की है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने पुलिस, प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) और अर्धसैन्य बलों के साथ मार्च का नेतृत्व किया। अधिकारियों ने कहा कि इस कवायद का उद्देश्य स्पष्ट संदेश देना था कि शांति भंग करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी सिंह ने संवाददाताओं से कहा, जिले में धारा 163 लागू है, इसलिए बिना अनुमति के कोई भी प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। लगभग पांच किलोमीटर का यह मार्च बिहारीपुर पुलिस चौकी, कुतुबखाना, दरगाह आला हज़रत, मलूकपुर और सिटी सब्ज़ी मंडी सहित कई इलाकों से होकर गुजरा। अधिकारियों ने निवासियों से शांति बनाए रखने और कानून का पालन करने की अपील की। पुलिस और अर्धसैन्य बलों की भी बड़े पैमाने पर तैनाती की गई थी, जिसमें पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) अंशिका वर्मा, पुलिस अधीक्षक (उत्तर) मुकेश चंद्र मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, समेत कई अधिकारी और लगभग 50 निरीक्षक शामिल थे।

### संभल शाही जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर मामले की सुनवाई अब छह नवंबर को

**संभल :** संभल के शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले की बृहस्पतिवार को एक स्थानीय अदालत में सुनवाई हुई। इस मामले की अगली सुनवाई अब छह नवंबर को होगी। यह मामला फिलहाल उच्चतम न्यायालय समेत कई अदालतों में विचाराधीन है। शाही जामा मस्जिद पक्ष की ओर से वकील शकील अहमद वारसी ने बताया कि आज यह मामला दिवानी न्यायाधीश (वरिष्ठ संभाग) आदित्य सिंह की अदालत में सुना गया तथा अदालत को इस मामले में यथास्थिति बनाये रखने के उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश की एक प्रति सौंपी गयी। वारसी ने कहा कि इसके बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख छह नवंबर नियत की है। हिंदू पक्ष की ओर से वकील श्री गोपाल शर्मा ने भी इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा, 'आज उच्चतम न्यायालय के स्थगन आदेश के कारण स्थानीय अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए छह नवंबर की तारीख तय की है।'

### मथुरा में भाजपा जिलाध्यक्ष के घर पर गोलियां चलायी गयीं

**मथुरा :** मथुरा में दो मोटरसाइकिलों पर सवार आधा दर्जन बदमाश कोसीकलां कस्बे में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डेय के घर पर गोली चला कर भाग निकले । पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मौका मुआयना कर वह आरोपियों की तलाश कर रही है । रावत के अनुसार रिपोर्ट के अनुसार निर्भय पाण्डेय कोसीकलां के नरसी गांव में रहते हैं। बुधवार रात वह घर पर ही थे। पहले आठ बजे भरतपुर निवासी कुख्यात बदमाश लोकेश पंडित का फोन आया था कि आप जमीन के एक मामले में जस्सी किन्नर का साथ दे रहे हैं, आप ऐसा न करें । इसके दस बजे उनके घर पर गोली चलायी गई । पुलिस के मुताबिक लोकेश पंडित राजस्थान के भरतपुर जिले के कठूमर का रहने वाला है और इन दिनों कोसीकलां में ही अपनी नानी के यहां रहता है। वह एक अंतरराज्यीय अपराधी है और उस पर उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में दो दर्जन से ज्यादा संगीन मामले दर्ज हैं।

समीक्षा CINE मंत्र

# राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विक्रांत को मिली करण जौहर की फिल्म

अभिनेता विक्रांत मैसी इन दिनों सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने को लेकर चर्चाओं में हैं। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में उन्हें फिल्म '12वीं फेल' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है। अब अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म को लेकर बात की है। इसमें उन्होंने बताया कि वो करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस की एक मच अवेटेड फिल्म में नजर आने वाले हैं। जानिए कौन सी है वो फिल्म, जिसमें विक्रांत निभाएंगे प्रमुख भूमिका?



#### धर्मा प्रोडक्शंस के साथ पहली फिल्म कर रहे विक्रांत

विक्रांत मैसी अब तक एक कॉमन मैन के ही किरदार में दिखाई दिए हैं। लेकिन अब वो करण जौहर की आगामी फिल्म में महंगे कपड़ों और स्टाइलिश सनग्लासेज में नजर आएंगे। टाइम्स नाउ के साथ बातचीत के दौरान विक्रांत मैसी ने बताया कि अब लोग उन्हें जल्द ही डिजाइनर कपड़े और फैंसी सनग्लासेस में देख पाएंगे। इस दौरान अभिनेता ने खुलासा किया कि वो धर्मा प्रोडक्शंस की 'दोस्ताना 2' में नजर आने वाले हैं। एक्टर ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह खबर पहले ही आ चुकी है। मुझे नहीं पता कि मैं बात क्यों नहीं कर रहा हूं। मैं 'दोस्ताना 2' कर रहा हूं। मैं अपनी पहली धर्मा प्रोडक्शन फिल्म कर रहा हूं। आप मुझे अच्छे डिजाइनर कपड़े पहने हुए देखेंगे। करण जौहर यह सुनिश्चित करेंगे कि मैं अच्छे कपड़े पहनूं और मैं फैंसी सनग्लासेस पहनूं। यूरोप में कहीं शूटिंग कर रहा हूं।'

#### 'दोस्ताना 2' में लक्ष्य भी आएंगे नजर

फिल्म की बाकी कास्ट के बारे में बात करते हुए एक्टर ने बताया कि 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' फेम लक्ष्य लालवानी भी 'दोस्ताना 2' का हिस्सा हैं। हालांकि, विक्रांत ने फिल्म की लीड एक्ट्रेस के बारे में कोई भी जानकारी देने से साफ इंकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'अब हीरोइन को तो सरप्राइज ही रहने दो। मुझे लगता है कि उनके बारे में मैं नहीं बोलूंगा। वो करण सर ही बोलेंगे तो बेहतर है। उसकी भी तो बड़ी घोषणा है।'

### इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स की बेस्ट एक्टर कैटेगरी में दिलजीत का नाम

दिलजीत दोसांझ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैंस को खुशखबरी दी है। इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स की बेस्ट एक्टर कैटेगिरी में उनका नॉमिनेशन हुआ है। यह नॉमिनेशन उन्हें फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में उम्दा अभिनय के लिए मिला है। इस नॉमिनेशन के लिए दिलजीत ने फिल्म के डायरेक्टर इम्तियाज अली का शुक्रिया अदा किया है।

#### दिलजीत ने निर्देशक इम्तियाज अली को शुक्रिया कहा

दिलजीत दोसांझ ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए एमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन की जानकारी को फैंस के साथ शेयर किया। इस पोस्ट पर उन्होंने लिखा, 'यह सब आपकी वजह से है, इम्तियाज सर।' इस पोस्ट को दिलजीत इम्तियाज अली को भी टैग करते हैं। 'अमर सिंह चमकीला' फिल्म को इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में एक और नॉमिनेशन मिला है। इसे टीवी फिल्म/मिनी सीरीज कैटेगरी में भी जगह मिली है। इस बार इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में 'अमर सिंह चमकीला' फिल्म अकेली इंडियन एंट्री है।

# गौरी खान के खिलाफ केस करते ही फिर चर्चा में आए समीर वानखेड़े

दिल्ली हाईकोर्ट में गुरुवार को दाखिल हुई एक याचिका ने आर्यन खान और समीर वानखेड़े के बीच के पुराने विवाद को फिर से सुर्खियों में ला दिया है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (छउइ) के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े ने शाहरुख खान की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट, नेटफ्लिक्स और अन्य पक्षों के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि हाल ही में रिलीज हुई आर्यन खान के निर्देशन वाली वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' ने उनकी छवि को गलत और अपमानजनक ढंग से दिखाया है। वानखेड़े का कहना है कि इस सीरीज से उनकी साख को ठेस पहुंची है और लोगों के बीच प्रवर्तन एजेंसियों की विश्वसनीयता पर भी असर पड़ा है। उन्होंने अदालत से सीरीज की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने और 2 करोड़ रुपये हर्जाने की मांग की है।



#### कौन हैं समीर वानखेड़े?

समीर वानखेड़े 2008 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (खठड) अधिकारी हैं। वह मुंबई एनसीबी के जोनल निदेशक रह चुके हैं और कई हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच का हिस्सा रहे हैं। वानखेड़े ने खुद को सख्त और बेबाक अधिकारी के तौर पर पेश किया है। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित मामलों में कार्रवाई की, लेकिन उनकी सबसे ज्यादा चर्चा आर्यन खान केस से हुई। अब बात करते हैं उसी केस के बारे में और पूरी टाइमलाइन आपको बताते हैं।

#### कैसे शुरू हुआ पूरा विवाद?

दरअसल 2 अक्टूबर 2021 की रात मुंबई से गोवा जाने वाले कॉरडेलिया क्रूज पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने बड़ी रेड की। यह ऑपरेशन एनसीबी मुंबई जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े के नेतृत्व में चलाया गया। एजेंसी को खुफिया सूचना मिली थी कि इस क्रूज पर होने वाली पार्टी में ड्रग्स का सेवन और अवैध लेन-देन हो सकता है। इस छापेमारी में कई लोगों को हिरासत में लिया गया और उसी दौरान सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान भी जांच एजेंसी के हत्थे चढ़े।

#### आर्यन खान की गिरफ्तारी और आरोप

3 अक्टूबर 2021 को एनसीबी ने आधिकारिक रूप से आर्यन खान को गिरफ्तार किया। उन पर आरोप लगाया गया कि वो नशे की सप्लाई और अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स रैकेट से जुड़े हुए हैं। हालांकि, एनसीबी के छापे के दौरान उनके पास से ड्रग्स बरामद नहीं हुए थे। इसके बावजूद एजेंसी ने दावा किया कि उनके व्हाट्सऐप चैट्स और कथित संपर्क से ड्रग्स कंजंप्शन और नेटवर्किंग की आशंका बनती है। यही बिंदु बाद में पूरे केस का सबसे विवादित पहलू बन गया।

#### 22 दिन जेल में रहे आर्यन खान

आर्यन खान को मुंबई की आर्थर रोड जेल भेजा गया। यह वह समय था जब देशभर में यह खबर सुर्खियों में छाई रही। बॉलीवुड से लेकर राजनीतिक गलियारों तक हर जगह इस केस पर चर्चा हुई। आर्यन के वकील सतीश मानशिंदे ने बार-बार कोर्ट में जमानत की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि न तो आर्यन से ड्रग्स मिले, न ही कोई मेडिकल टेस्ट ऐसा साबित करता है कि उन्होंने ड्रग्स का सेवन किया। इसके बावजूद अदालत ने पहले जमानत से इनकार कर दिया और मामला कई सुनवाईयों तक खिंचता रहा।

#### बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत

आखिरकार, 28 अक्टूबर 2021 को बॉम्बे हाईकोर्ट ने आर्यन खान को जमानत दे दी। अदालत ने माना कि आर्यन के खिलाफ ड्रग्स की खरीद-फरोख्त या सेवन का कोई ठोस सबूत नहीं है। इसके बाद 29 अक्टूबर को उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया।

#### केस के बाद लंबे समय तक रहा असर

इस गिरफ्तारी ने न सिर्फ आर्यन और शाहरुख खान के परिवार को गहरी चोट पहुंचाई, बल्कि समीर वानखेड़े भी लगातार विवादों में रहे। उन पर राजनीतिक दबाव में काम करने और जानबूझकर हाई-प्रोफाइल टारगेट चुनने जैसे आरोप लगे। बाद में एनसीबी की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (डखढ) ने अपनी रिपोर्ट में माना कि आर्यन खान के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं मिले। यानी जिस केस ने पूरे देश का ध्यान खींचा, उसका आधार कमजोर साबित हुआ।

#### आर्यन और समीर का पुराना विवाद

जहां एक तरफ साल 2021 में शाहरुख खान और उनका परिवार लगातार मीडिया ट्रायल और कानूनी लड़ाई झेलता रहा। वहीं, वानखेड़े को भी उनके कामकाज को लेकर विवादों का सामना करना पड़ा। अब जब आर्यन खान ने निर्देशक के तौर पर कदम रखा और अपनी पहली वेब सीरीज बनाई, तो उसमें शामिल कुछ सीन वानखेड़े को नागवार गुजरे और मामला फिर से अदालत तक पहुंच गया।

#### वेब सीरीज पर अब हुआ विवाद

आर्यन खान ने हाल ही में निर्देशक के रूप में द बैड्स ऑफ बॉलीवुड नामक वेब सीरीज बनाई, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इसी शो में एक किरदार दिखाया गया है जो एनसीबी अधिकारी जैसा है और उसके तौर-तरीके समीर वानखेड़े से मिलते-जुलते बताए जा रहे हैं। आरोप है कि इसमें एजेंसी और उसके अफसर को गलत रोशनी में पेश किया गया है। एक सीन में धार्मिक नारे के बाद अभद्र इशारा करने का सीन भी है, जिसे वानखेड़े ने राष्ट्रीय सम्मान का अपमान बताया है।

#### क्या है ताजा स्थिति?

समीर वानखेड़े ने अपनी याचिका में दावा किया है कि यह शो न सिर्फ उनकी छवि बल्कि एंटी-ड्रग्स एजेंसी की गरिमा को भी आहत करता है। उन्होंने कोर्ट से अपील की है कि इसे प्लेटफॉर्म से हटाया जाए और भविष्य में भी प्रसारण पर रोक लगाई जाए। साथ ही 2 करोड़ रुपये हर्जाने की मांग उन्होंने कैंसर रोगियों के इलाज के लिए दान करने का ऐलान किया है। अब अदालत इस पर सुनवाई करेगी और फैसला आने तक मामला चर्चा में रहने वाला है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास आर एस पुरा सेक्टर से एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस महीने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा इस क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया यह दूसरा पाकिस्तानी नागरिक है। अधिकारियों ने बताया कि सतर्क बीएसएफ कर्मियों ने सरहद पार से इस ओर घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति की गतिविधि देखीं और भारतीय क्षेत्र में घुसते ही उसे पकड़ लिया।

### कर्नाटक उच्च न्यायालय का जाति आधारित सर्वेक्षण पर रोक लगाने से इनकार

**बेंगलुरु :** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को जाति आधारित सर्वेक्षण के नाम से प्रचलित सामाजिक और शैक्षिक सर्वेक्षण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। राज्य सरकार को आंकड़ों की गोपनीयता बनाए रखने का निर्देश देते हुए न्यायालय ने यह भी कहा कि सर्वेक्षण स्वैच्छिक होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति सी एम जोशी की खंडपीठ ने कहा कि उन्हें इस सर्वेक्षण पर रोक लगाने का कोई कारण नहीं दिखता।' पीठ ने कहा, ''हम यह स्पष्ट करते हैं कि एकत्र किए गए आंकड़ों का खुलासा किसी के साथ नहीं किया जाएगा। कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (केएससीबीसी) यह सुनिश्चित करेगा कि आंकड़े पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय रहें।''

### जुबिन मौत मामला : एसआईटी ने गायक के कार्यक्रम आयोजक और प्रबंधक के आवासों पर छापे मारे


**गुवाहाटी :** गायक जुबिन गर्ग की मौत मामले की जांच कर रहे असम पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बृहस्पतिवार को 'नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल' के आयोजक श्यामकानु महंत और उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा के आवासों पर अलग-अलग छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एसआईटी ने महंत के गीतानगर स्थित आवास का दौरा किया, जहां दो सहायकों को छोड़कर उनके परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। एसआईटी की एक अन्य टीम धीरेनपाड़ा इलाके में शर्मा के अपार्टमेंट में गई, जो बंद मिला। एक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अपार्टमेंट का ताला तोड़ा गया और टीम ने तलाशी ली। इमारत के निवासियों के अनुसार, शर्मा की मां, भाई और बहन भी इसी अपार्टमेंट में रहते हैं, लेकिन जुबिन की मौत के दिन से उन्हें नहीं देखा गया।

### महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में बारिश से संबंधित घटनाओं में 86 लोगों की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर :** इस मानसून के मौसम में महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में बारिश से संबंधित घटनाओं में 86 लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य के केंद्र में स्थित मराठवाड़ा में छत्रपति संभाजीनगर, जालना, लातूर, परभणी, नांदेड़, हिंगोली, बीड और धाराशिव जिले शामिल हैं। भारी बारिश के कारण आई बाढ़ ने इस क्षेत्र में लाखों एकड़ में खड़ी फसलों को नष्ट कर दिया और पिछले कुछ दिन में कई लोगों की जान इन घटनाओं में चली गई।

# कांग्रेस जीएसटी पर झूठ फैला रही, अब टूथपेस्ट से लेकर ट्रैक्टर तक कम दामों पर मिल रहा: मोदी

**ग्रेटर नोएडा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में कटौती पर लोगों को ''गुमराह'' करने के लिए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा और टूथपेस्ट से लेकर ट्रैक्टर तक सभी चीजों की कीमतों में कमी का उदाहरण देकर उनके बयान को गलत ठहराया। मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के दौरान 'कर लूट' होती थी और लोगों पर भारी करों का बोझ डाला जाता था। प्रधानमंत्री ने ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित 'उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला' (यूपीआईटीएस) का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि तीन दिन पहले (22 सितंबर) माल एवं सेवा कर




(जीएसटी) सुधार लागू किए गए। ये 'संरचनात्मक बदलाव' भारत की विकास गाथा को नई उड़ान देंगे। उन्होंने कहा कि ये सुधार जीएसटी पंजीकरण को सरल बनाएंगे, कर विवादों को कम करेंगे और एमएसएमई के लिए रिफंड में तेजी लाएंगे। इससे हर क्षेत्र को लाभ होगा। इसके बावजूद, कुछ राजनीतिक दल देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए झूठ फैलाने का भी आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में ''कर की लूट'' मची थी। उन्होंने कहा, ''नये जीएसटी सुधारों से गरीब, नव मध्यम वर्ग, मध्यम वर्ग सब की बचत हुई है लेकिन इसके बावजूद कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं... कांग्रेस और उसके साथी दल 2014 से पहले के अपने शासनकाल की नाकामियां छुपाने के लिए जनता से झूठ बोल रहे थे। सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकारों के समय कर की लूट मची हुई थी और लूटे हुए धन में से भी लूट होती थी।'' मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा, ''देश के आम नागरिकों को कर की मार से निचोड़ जा रहा था। यह हमारी सरकार है जिसने कर को बड़े पैमाने पर कम किया है, महंगाई कम की है। हमने देश के लोगों की आमदनी और बचत बढ़ाई है।''

### स्लोवेनिया ने नेतन्याहू के देश में प्रवेश पर रोक लगाई

**लजुब्लजाना (स्लोवेनिया) :** स्लोवेनिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय कानून के अपने संरक्षण को रेखांकित करने के लिए इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के यूरोपीय संघ के देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रहा है। आधिकारिक एसटीए समाचार एजेंसी के अनुसार, विदेश मंत्रालय की अधिकारी नेवा ग्रासिक ने कहा कि यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा इजराइली प्रधानमंत्री के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट से जुड़ा है। लगभग 20 लाख की आबादी वाला यूरोपीय संघ का यह राष्ट्र गाजा में इजराइली कार्रवाइयों का मुखर आलोचक रहा है और नेतन्याहू के खिलाफ बृहस्पतिवार का कदम स्पष्ट रूप से देश की नीतियों को रेखांकित करने के लिए उठाया गया था। स्लोवेनिया ने पहले ही इजराइली राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्वीर और वित्त मंत्री बेज़ेलेल स्मोट्रिच के देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था और इजराइल पर हथियार प्रतिबंध लगा दिया था।

# प्रधानमंत्री मोदी बिहार की 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये अंतरित करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को बिहार की 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत करेंगे और राज्य भर की 75 लाख महिलाओं में से प्रत्येक के बैंक खाते में 10,000 रुपये अंतरित करेंगे। इसके तहत कुल 7,500 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को 'आत्मनिर्भर' बनाना है और उन्हें स्वरोजगार तथा रोजगार के साधनों के माध्यम से सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के जरिए इस समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह योजना सार्वभौमिक प्रकृति की है, जिसके अंतर्गत राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी ताकि वे अपनी पसंद का रोजगार आरंभ कर सकें। अधिकारियों ने यह भी बताया कि आरंभिक चरण में 10,000 रुपये की राशि दी जाएगी और अगले चरण में 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दिए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह योजना सामुदायिक भागीदारी पर आधारित होगी और स्वयं सहायता समूहों से जुड़े विशेषज्ञ उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करेंगे ताकि वे अपने प्रयासों में सफल हो सकें। उनके उत्पादों की बिक्री में सहायता के लिए राज्य में 'ग्रामीण हाट' को और विकसित किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि केंद्र और बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकारों ने राज्य में आगामी चुनावों के मद्देनजर कई विकास और कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की है क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन राज्य में सत्ता बरकरार रखने के लिए प्रयासरत है।

## राहुल गांधी पर विदेशी संस्कृति का प्रभाव, चौराहे पर बहन को चूम लेते हैं: कैलाश विजयवर्गीय

**शाजापुर (मप्र) :** मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विदेशी संस्कृति का प्रभाव हावी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह बीच सड़क पर अपनी बहन को चूम लेते हैं जबकि भारतीय संस्कृति में लोग अपनी बहन के घर का एक लोटा पानी तक नहीं पीते। विजयवर्गीय ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पार्टी के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा, ''आज के हमारे



प्रतिपक्ष के नेता ऐसे हैं, जो अपनी जवान बहन को बीच सड़क पर चौराहे पर चुंबन कर लेते हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आपमें से कोई ऐसा है, जो अपनी जवान बहन या बेटी को सार्वजनिक रूप से चुंबन कर लेते हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह विदेशी संस्कृति का प्रभाव है जबकि हम अपनी बहन के घर का एक लौटा पानी भी नहीं पीते हैं।''

# फलस्तीन मुद्दे पर भारत को नेतृत्व दिखाना चाहिए: सोनिया गांधी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बृहस्पतिवार को फलस्तीन के मुद्दे पर मोदी सरकार के रुख की तीखी आलोचना की और कहा कि अब भारत को नेतृत्व का परिचय देना चाहिए। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सरकार की प्रतिक्रिया तथा गहरी चुप्पी और मानवता एवं नैतिकता, दोनों का परित्याग है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने अंग्रेजी दैनिक 'द हिंदू' के लिए लिखे गए एक लेख में कहा कि सरकार के कदम मुख्य रूप से भारत के संवैधानिक मूल्यों या उसके सामरिक हितों के बजाय इज़राइली प्रधानमंत्री



बेंजामिन नेतन्याहू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत मित्रता से प्रेरित प्रतीत होते हैं। सोनिया गांधी ने कहा, व्यक्तिगत कूटनीति की यह शैली कभी भी स्वीकार्य नहीं है और यह भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक नहीं हो सकती। दुनिया के अन्य हिस्सों में – खासकर अमेरिका में ऐसा करने के प्रयास हाल के महीनों में सबसे दुखद और अपमानजनक तरीके से विफल हुए हैं। उन्होंने इज़राइल-फ़लस्तीन संघर्ष पर पिछले कुछ महीनों में तीसरी बार लेख लिखा है, जिनमें उन्होंने हर बार की तरह इस मुद्दे पर मोदी सरकार के रुख की तीखी आलोचना की है। सोनिया गांधी ने लेख में कहा कि फ्रांस, फ़लस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने में ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल हो गया है।

# ओडिशा में बस-ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत, 10 अन्य घायल



**भुवनेश्वर/राउरकेला :** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में बृहस्पतिवार को एक ट्रक और बस की टक्कर में दो महिलाओं समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 520 पर पूर्वाह्न करीब 11 बजे के. बलंग थाने के पास हुई। पश्चिमी रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआइजी) ब्रजेश कुमार राय ने पत्रकारों को बताया, ''दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। 10 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं।'' उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस, अग्निशमन और आपातकालीन सेवा के कर्मचारी बचाव अभियान में जुटे हैं। घटनास्थल पर मौजूद के. बलंग थाने के उप-निरीक्षक बासुदेव बेहरा के अनुसार सड़क पर मरम्मत कार्य के कारण बस गलत दिशा में चल रही थी, तभी यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि बस में यात्री सवार थे और बस दुर्घटना के वक्त राउरकेला से कोइदा जा रही थी। डीआईजी ने कहा, ''गंभीर रूप से घायल लोगों को राउरकेला के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य का कोइदा और लहुनीपाड़ा के स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज हो रहा है।''

## 'जेन जेड' प्रदर्शनों में मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई : प्रधानमंत्री कार्की

**काठमांडू :** नेपाल की कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार 'जेन जेड' विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों सहित 74 व्यक्तियों की मौत के पीछे जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने के बाद, टीवी पर प्रसारित अपने पहले संबोधन में कार्की ने कहा कि सरकार ने आगामी पांच मार्च को संसदीय चुनाव कराने की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। 'जेन जेड' उस पीढ़ी को कहा जाता है, जो 1997 से 2012 के बीच पैदा हुई है। प्रधानमंत्री कार्की ने देश के सभी वर्गों



से कानून व्यवस्था बनाए रखने और स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में सहयोग करने की अपील की। कार्की ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार को संविधान संशोधन या शासन प्रणाली में बदलाव करने का जनादेश नहीं है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर नयी संसद ही संवैधानिक प्रक्रिया के तहत निर्णय लेगी। संविधान में संशोधन और शासन प्रणाली में बदलाव 'जेन जेड' आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में शामिल हैं। कार्की ने यह भी कहा कि सरकार भ्रष्टाचार समाप्त करने, सुशासन सुनिश्चित करने और जन अपेक्षाओं के अनुरूप सेवाओं में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। कार्की (73) ने 12 सितंबर को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद यह पद संभाला।

## 'हैडलाइन मैनेजमेंट' से काम नहीं चलेगा, उत्पादन बढ़ाने के लिए नई सोच चाहिए: राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को सरकार की विनिर्माण से जुड़ी नीतियों को लेकर सवाल खड़े किए और कहा कि अब 'पीआर' और 'हैडलाइन मैनेजमेंट' से काम नहीं चलेगा, बल्कि उत्पादन बढ़ाने के लिए एक नई सोच की जरूरत है। राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सऐप चैनल पर पोस्ट किया, पिछले 11 वर्षों में अगर वास्तव में कुछ 'मेक इन इंडिया' बना है तो वो हैं 'मित्र पूंजीपति'। यह सच्चाई है कि मोदी जी की नीतियां सिर्फ़ अदाणी-अंबानी जैसे अरबपतियों को ही लाभ पहुंचा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि इसका सबसे बड़ा नुकसान हमारे एमएसएमई क्षेत्र को हुआ है, जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और सबसे ज़्यादा रोज़गार



पैदा करता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कहना है, जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा 25 प्रतिशत करने का वादा था, लेकिन आज यह सिर्फ़ 13 प्रतिशत के आसपास रह गया है। भारत, जो कभी विश्वस्तरीय उत्पाद बना रहा था, अब ज़्यादातर चीनी सामानों की असेंबलिंग करता है।

## न्यायालय ने 2013 के विस्फोट मामले में मौत की सजा पर रोक लगाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को इंडियन मुजाहिदीन के एक कथित सदस्य की फांसी पर रोक लगा दी, जिसे 2013 के दिलसुखनगर बम विस्फोटों के सिलसिले में मौत की सजा सुनाई गई थी। इन धमाकों में 18 लोग मारे गए थे और 131 घायल हुए थे। दोषी असदुल्ला अख्तर द्वारा दायर याचिका पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने कहा, ''अपीलकर्ता की मौत की सजा पर रोक रहेगी।'' हैदराबाद के भीड़भाड़ वाले दिलसुखनगर में 21 फरवरी, 2013 को दो शक्तिशाली विस्फोट हुए। पहला विस्फोट एक बस स्टॉप पर और दूसरा विस्फोट एक भोजनालय के पास हुआ। दिल्ली की एक जेल में बंद अख्तर ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के अप्रैल के फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें इस मामले में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इंडियन मुजाहिदीन के सह-संस्थापक यासीन भटकल सहित उसके पांच सदस्यों की मौत की सजा बरकरार रखी गई थी।

## भारत में अवैध रूप से रह रहे 25 बांग्लादेशी पकड़े गए

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 25 लोगों को पकड़ा है, जिनमें से 23 उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात से पकड़े गए। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए लोगों में पांच नाबालिग और 10 महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी लोग किसी भी कानूनी अनुमति या आवासीय दस्तावेजों के बिना पिछले आठ वर्षों से भारत में रह रहे थे। पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर दिल्ली में अभियान चलाया, जिसके



बाद दो बांग्लादेशी लोगों को पकड़ा गया। उनकी पहचान हसन शेख (35) और अब्दुल शेख (37) के रूप में हुई और दोनों बांग्लादेश के सतखीरा जिले के निवासी हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनके कई रिश्तेदार और सहयोगी कानपुर देहात में रह रहे हैं।

## सागर जिले के जैसीनगर का नाम अब 'जय शिवनगर' होगा : मुख्यमंत्री मोहन यादव

**सागर (मप्र) :** मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड स्थित सागर जिले की जैसीनगर तहसील का नाम अब 'जय शिवनगर' होगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर 'अन्न सुरक्षा संकल्प समारोह' को संबोधित करते हुए कहा, ''जैसीनगर का नाम 'जय शिवनगर' करने की मैं घोषणा करता हूं।'' उन्होंने कहा कि जैसे ही इस बारे में प्रस्ताव आएगा, औपचारिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने जैसीनगर को नगर परिषद का दर्जा देने की भी घोषणा की। जैसीनगर



सुरखी विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा है। यादव ने इस दौरान लगभग 200 रुपये करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी किया तथा 'सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पोर्टल' की शुरुआत की। इसके तहत पाइप लाइन बिछाकर घरों तक पाइप वाले प्राकृतिक गैस कनेक्शन दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''सिटी पोर्टल के माध्यम से नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, उसके बाद धीरे-धीरे बड़े-बड़े गांव तक गैस के कनेक्शन घर-घर मिलेंगे। एकल खिड़की पोर्टल के माध्यम से कंपनियों को घर घर कनेक्शन देने का काम होगा।'' उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के लोग जो मांगेंगे, सरकार वह सब देने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना को लेकर भी घोषणा की और कहा कि भैया दूज से लाडली बहनों को 1500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे।

## रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य का आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट का दौरा

**रायबरेली :** रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) सीताराम सिंकू ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) और फोर्ज्ड व्हील प्लांट का दौरा किया। श्री सिंकू ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हील उत्पादन की प्रगति पर आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने फर्निशिंग शॉप के प्रांगण में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025' के तहत चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी श्रमदान की थीम 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' को गति देने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान में भाग लिया। दौरे के दौरान श्री सिंकू ने शेल शॉप, बोगी शॉप, व्हील शॉप और फर्निशिंग शॉप का निरीक्षण किया तथा मशीनों की कार्यदक्षता का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने आरेडिका में निर्मित होने वाले पहले वंदेभारत रेक का भी निरीक्षण किया और इसके निर्माण को तेजी देने के निर्देश दिए। अपर सदस्य ने इसके बाद फोर्ज्ड व्हील प्लांट का दौरा कर व्हील उत्पादन बढ़ाने और प्लांट की अवसंरचना के विकास पर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि फोर्ज्ड व्हील प्लांट भारतीय रेलवे की महत्वपूर्ण उत्पादन इकाई है और इसका संचालन निरंतर जारी रखने के लिए रेलवे कृतसंकल्प है। इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राकेश राज पुरोहित, पीएफए बीएल मीना, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अकमल वदूद, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चंद, फोर्ज्ड व्हील प्लांट के सीडवल्यूएम मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लद्दाख में तनावपूर्ण शांति, 50 गिरफ्तार; शैक्षणिक संस्थान दो दिन के लिए बंद

**लेह :** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में बृहस्पतिवार को तनावपूर्ण शांति बनी रही और पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने लेह शहर में कर्फ्यू सख्ती से लागू किया। एक दिन पहले राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों में हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें चार लोग मारे गए और 90 अन्य घायल हो गए थे। लेह एपेक्स बॉडी (लैब) द्वारा लद्दाख के लिए छठी अनुसूची के विस्तार और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर बुधवार को बुलाए गए बंद के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में अब तक कम से कम 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, कर्फ्यू वाले इलाकों में स्थिति नियंत्रण में है। कहीं से भी किसी घटना की सूचना नहीं है। वर्तमान स्थिति को




देखते हुए लेह के जिला मजिस्ट्रेट रोमिल सिंह डोनक ने शुक्रवार से दो दिन के लिए सभी सरकारी और निजी स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र भी बंद रहेंगे।

### 'अनियमितताओं' के कारण कार्यकर्ता वांगचुक के संगठन का एफसीआरए लाइसेंस रद्द

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक द्वारा स्थापित स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख (एसईसीएमओएल) का एफसीआरए लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। एक सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गयी। मंत्रालय की यह कार्रवाई संगठन के खातों में पाई गई कई कथित विसंगतियों पर आधारित थी, जिसमें स्वीडन से धन अंतरण भी शामिल था, जिसे मंत्रालय ने राष्ट्रीय हित के विरुद्ध पाया। यह घटनाक्रम लद्दाख को राज्य का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और लेह में बंद के दौरान सुरक्षाकर्मियों के बीच व्यापक झड़पों में चार लोगों की मौत के एक दिन बाद हुआ है।

### लद्दाख हिंसा भड़काने के लिए मुझे दोषी ठहराना 'बलि का बकरा' बनाने की रणनीति : सोनम वांगचुक



जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लद्दाख में हाल ही में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के लिए गृह मंत्रालय द्वारा उन्हें जिम्मेदार ठहराए जाने को ''बलि का बकरा'' बनाने की रणनीति बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इसका उद्देश्य हिमालयी क्षेत्र की मूल समस्याओं से निपटने से बचना है। गृह मंत्रालय ने वांगचुक को उग्र हिंसा भड़काने का जिम्मेदार ठहराया है और संबंधित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जलवायु कार्यकर्ता ने कहा कि वह कड़े जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत गिरफ्तारी के लिए तैयार हैं।

## दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत, इस वास्तविकता से बच नहीं सकते: विदेश मंत्री जयशंकर

**न्यूयॉर्क :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि आज की बदलती दुनिया को वैश्विक कार्यबल की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र इस वास्तविकता से बच नहीं सकते कि राष्ट्रीय जनसांख्यिकी के कारण कई देशों में वैश्विक कार्यबल की मांग पूरी नहीं की जा सकती। उनकी यह टिप्पणी व्यापार और शुल्क चुनौतियों के साथ-साथ आव्रजन पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सख्त रुख के बीच आई है, जिसमें एच-1बी वीजा पर 100,000 अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क भी शामिल है, जो मुख्य रूप से भारतीय पेशेवरों को प्रभावित करता है। भारतीय इन अस्थायी कार्य वीजा के लाभार्थियों में अधिसंख्यक हैं। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान ऑब्जर्वर रिसर्च



फाउंडेशन (ओआरएफ) द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'एट द हार्ट ऑफ डेवलपमेंट: एड, ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी' को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक ऐसे वैश्विक कार्यबल के निर्माण का आह्वान किया जो अधिक स्वीकार्य, समकालीन और कुशल हो – जिसे फिर एक विकेन्द्रित, वैश्विक कार्यस्थल में स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा, उस वैश्विक कार्यबल को कहां रखा जाए और उसकी तैनाती कहां हो, यह एक राजनीतिक बहस का विषय हो सकता है। लेकिन इससे बचा नहीं जा सकता। अगर आप मांग और जनसांख्यिकी को देखें, तो कई देशों में सिर्फ उनकी राष्ट्रीय जनसांख्यिकी के आधार पर मांग पूरी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, यह एक वास्तविकता है। आप इस वास्तविकता से भाग नहीं सकते। तो हम वैश्विक कार्यबल का एक अधिक स्वीकार्य, समकालीन, कुशल मॉडल कैसे बना सकते हैं, जो एक विकेंद्रित, वैश्विक कार्यस्थल में तैनात किया जा सके? मुझे लगता है कि यह आज एक बहुत बड़ा प्रश्न है जिसका समाधान अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को करना है।

# बांग्लादेश को हराकर पाकिस्तान फाइनल में, भारत से होगा खिताबी मुकाबला

**दुबई :** पाकिस्तान ने एशिया कप टी20 सुपर चार के करो या मरो मुकाबले में बांग्लादेश को 11 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब खिताबी भिड़ंत चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत से होगी। एशिया कप के इतिहास में पहली बार दोनों टीमें फाइनल में आमने-सामने होंगी। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 135 रन बनाए। एक समय उसका स्कोर 49 रन पर पांच विकेट था, लेकिन मोहम्मद हारिस (23 गेंद पर 31), शाहीन शाह अफरीदी (13 गेंद पर 19) और मोहम्मद नवाज (15 गेंद पर 25) ने उपयोगी पारियां खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। फहीम अशरफ नौ गेंद में 14 रन बनाकर नाबाद रहे। जवाब में बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 124 रन ही बना सकी। शाहीन शाह अफरीदी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर तीन विकेट चटकाए। हारिस रऊफ को भी तीन सफलता मिली जबकि सईम अयूब ने दो और नवाज ने एक विकेट लिया। बांग्लादेश की ओर से शमीम हुसैन ने सर्वाधिक 30 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज 20 रन भी नहीं बना पाए। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने शुरुआती 12 ओवर में पाकिस्तान को कड़ा संघर्ष कराया। तस्कीन अहमद ने 28 रन पर तीन विकेट, रिशाद हुसैन और मेहदी हसन ने दो-दो विकेट जबकि मुस्ताफिजूर रहमान ने एक विकेट लिया। फाइनल मुकाबले में भारत और पाकिस्तान के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। इससे पहले इस एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को एकतरफा हराया था। दोनों टीमें खिताब जीतने के लिए पूरी ताकत झोंकेंगी।



## हमारी सभी खिलाड़ियों को लगता है कि वे मैच विजेता हैं: स्मृति मंधाना



**नयी दिल्ली:** भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना का कहना है कि पिछले टी20 विश्व कप के बाद से महिला टीम में सबसे बड़ा बदलाव यही आया है कि अब हर खिलाड़ी खुद को एक 'मैच विजेता' मानती है। उनका कहना है कि यह बदलाव फिटनेस और तैयारी पर अधिक ध्यान देने से आया है। भारतीय टीम आने वाले हफ्ते में महिला विश्व कप नहीं जीत पाने के मिथक को तोड़ना चाहेगी और 30 सितंबर को गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। मंधाना ने 'जियोस्टार' से कहा, 'मुझे लगता है कि हमारे भरोसे में बहुत बदलाव आ गया है और यह केवल इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी मेहनत करते हैं। जब प्रयास होता है तो संघर्ष हमेशा बना रहता है।' उन्होंने कहा, 'यही एक चीज है जो इस टीम के साथ बदल गई है। हर कोई मानता है कि वे मैच विजेता हैं।' उनतीस वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि पिछले टी20 विश्व कप ने बतौर खिलाड़ी उन पर गहरी छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा, ''पिछला टी20 विश्व कप मेरे लिए बहुत बड़ा झटका था। मैंने मन ही मन सोचा 'मैं एक एथलीट के तौर पर जिंदगी में ऐसा महसूस नहीं करना चाहती'। इसके बाद फिटनेस और पोषण संबंधित कई बदलाव हुए हैं।' मंधाना ने कहा, 'हम सभी इस विश्व कप का इंतजार कर रहे हैं। 2013 में जब मैं बच्ची थी तब से भारत में महिला क्रिकेट के लिए बहुत कुछ बदल गया है। मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि स्टेडियम कैसे तैयार होते हैं और लोग किस तरह से समर्थन करते हैं।'

## वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के लिये बुमराह भारतीय टीम में, नायर बाहर



**दुबई:** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिये भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है जबकि देवदत्त पडिक्कल ने खराब फॉर्म से जूझ रहे करूण नायर की जगह ली। कार्यभार प्रबंधन के कारण इंग्लैंड में पांच में से तीन ही टेस्ट खेल सके बुमराह ने दो अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही श्रृंखला के लिये खुद को उपलब्ध बताया है। रविंद्र जडेजा को शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम का उपकप्तान बनाया गया है। दूसरा मैच 10 अक्टूबर से दिल्ली में खेला जायेगा। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने कहा,'' बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों मैच खेलना चाहते हैं। हम उसके लिये सर्वश्रेष्ठ चाहते हैं लेकिन टीम सर्वोपरि है। बड़े टूर्नामेंट आने वाले हैं तो हमें एहतियात बरतनी होगी।'' इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान पंत के पैर में फ्रेक्चर हो गया था।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में दो टेस्ट कोलकाता और गुवाहाटी में 14 नवंबर से 26 नवंबर के बीच खेले जायेंगे। इसके बाद तीन वनडे और पांच टी20 मैच होंगे। दक्षिण अफ्रीका का दौरा 19 दिसंबर को आखिरी टी20 के साथ खत्म होगा। टीम : शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, एन जगदीशन, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव।

## सूर्यकुमार को राजनीतिक बयान देने से बचने के लिए कहा गया, पाक खिलाड़ियों की शुक्रवार को होगी सुनवाई



**दुबई:** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को बृहस्पतिवार को आईसीसी मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एक आधिकारिक सुनवाई के दौरान किसी भी तरह के राजनीतिक बयान देने से परहेज करने की सलाह दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय कप्तान की शिकायत की थी। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान और हारिस रऊफ के खिलाफ बीसीसीआई द्वारा दायर शिकायत पर सुनवाई शुक्रवार को होगी क्योंकि ये दोनों खिलाड़ी बृहस्पतिवार को श्रीलंका के खिलाफ अपना एशिया कप मैच खेल रहे हैं। समझा जाता है कि पीसीबी ने 14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मैच के बाद निर्धारित सात दिन की अवधि के भीतर शिकायत दर्ज की थी। सूर्यकुमार ने इस मैच में पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था और फिर भारत की जीत को मई में 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम वाले भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया था। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति भी एकजुटता व्यक्त की थी। टूर्नामेंट सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''सूर्यकुमार आज आईसीसी की सुनवाई में शामिल हुए। उनके साथ बीसीसीआई के सीओओ और क्रिकेट संचालन प्रबंधक थे। रिचर्डसन ने उन्हें समझाया कि उन्हें किसी भी तरह की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए जिसे राजनीतिक प्रकृति का माना जा सके। प्रतिबंध का अभी पता नहीं चल पाया है। चूंकि यह लेवल 1 के तहत आता है, इसलिए यह या तो चेतावनी हो सकती है या मैच फीस में 15 प्रतिशत कटौती का वित्तीय जुर्माना।' भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच के दौरान भड़काऊ इशारे करने वाले पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ आईसीसी के पास आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। समझा जाता है कि बीसीसीआई ने बुधवार को दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को ईमेल भेजा है। आईसीसी इस मामले में सुनवाई करेगी क्योंकि साहिबजादा और रऊफ ने लिखित में इन आरोपों का खंडन किया है। उन्हें सुनवाई के लिये आईसीसी एलीट पैनल के रेफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस मामले को और तूल देते हुए बुधवार को 'एक्स' पर दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो का एक धीमी गति का वीडियो पोस्ट किया, जिसमें पुर्तगाली का दिग्गज खिलाड़ी यह इशारा करते हुए देखा गया था कि एक विमान अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया, कुछ ऐसा ही इशारा रऊफ ने पिछले रविवार को मैदान पर किया था।

## आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ वनडे श्रृंखला में श्रेयस अय्यर भारत ए के कप्तान



**नयी दिल्ली:** श्रेयस अय्यर को आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ कानपुर में 30 सितंबर से होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये भारत ए का कप्तान बनाया गया है लेकिन कमर की तकलीफ के कारण वह अगले छह महीने लाल गेंद के क्रिकेट से दूर रहेंगे। तीस वर्ष के अय्यर ने हाल ही में बीसीसीआई चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर को बताया है कि वह कमर की तकलीफ के कारण लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेल सकते। भारत ए टीम में स्पिनर रवि बिश्नोई, विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, हरफनमौला रियान पराग और आयुष बडोनी शामिल हैं। एशिया कप सुपर 4 में पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक बनाने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा , तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह दूसरे (तीन अक्टूबर) और तीसरे मैच (पांच अक्टूबर) के लिये भारत ए टीम से जुड़ेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिये भारतीय टीम का ऐलान करते हुए अगरकर ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे टीम के कप्तान को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई लेकिन भारत ए श्रृंखला से अय्यर को अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा।

## पैरा विश्व चैंपियनशिप: राकेश, तोमन के बीच पुरुष एकल का फाइनल, शीतल का भी पदक पक्का

**ग्वांग्जू (दक्षिण कोरिया):** राकेश कुमार और तोमन कुमार के पुरुष वर्ग तथा शीतल देवी के महिला कंपाउंड वर्ग के फाइनल में पहुंचने से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पैरा तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में कम से कम तीन पदक सुनिश्चित कर लिए। पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता राकेश और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपेक्षाकृत नए खिलाड़ी तोमन ने सेमीफाइनल में जीत दर्ज करते हुए पुरुषों के कंपाउंड ओपन व्यक्तिगत वर्ग के स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त राकेश ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन के नाथन मैक्कीन को 147–143 से हराया, जबकि तोमन ने हमवतन श्याम सुंदर स्वामी को रोमांचक मुकाबले में 144–143 से मात दी। श्याम अब शनिवार को कांस्य पदक के लिए एक ब्रिटिश प्रतिद्वंद्वी का सामना करेंगे। भारत के पदकों की संख्या में स्टार पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने भी इजाफा किया। जम्मू-कश्मीर की बिना भुजाओं वाली 18 वर्षीय इस तीरंदाज ने ब्रिटेन की जोडी ग्रिन्हम पर 145–140 की शानदार जीत दर्ज करके महिलाओं के कंपाउंड फाइनल में प्रवेश किया।

## जूनियर महिला हॉकी विश्व कप से पहले अपनी कमजोरियों से पार पाना चाहेगी भारतीय टीम

**कैनबरा:** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप से पहले शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे पांच मैचों के आस्ट्रेलिया दौरे पर अपनी कमजोरियों से पार पाना चाहेगी। भारतीय टीम 26 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच कैनबरा में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। पहले तीन मैच 26, 27 और 29 सितंबर को आस्ट्रेलियाई जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेले जायेंगे जबकि आखिरी दो मैच 30 सितंबर और दो अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के हॉकी वन लीग क्लब कैनबरा चिल के खिलाफ होंगे। महिला जूनियर विश्व कप दिसंबर में चिली के सैंटियागो में खेला जायेगा। भारतीय टीम ने जून में यूरोप दौरे पर बेल्जियम, आस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेले थे। इसमें भारत ने लगातार तीन मैच में बेल्जियम को हराया जबकि आस्ट्रेलिया पर भी जीत दर्ज की। नीदरलैंड ने हालांकि उसे शूटआउट में हराया।

## संगकारा राजस्थान रॉयल्स में द्रविड़ की जगह भरने को तैयार

**नयी दिल्ली:** राहुल द्रविड़ के मुख्य कोच पद से हटने के बाद श्रीलंका के महान बल्लेबाज कुमार संगकारा इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स में कोचिंग स्टाफ का नेतृत्व करने के लिए वापसी करेंगे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार 2021 से राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक रहे संगकारा द्रविड़ के जाने से खाली हुई जगह को भरने के लिए तैयार हैं और उन्होंने 2026 सत्र की योजना बनाना शुरू कर दिया है। 2021 में राजस्थान रॉयल्स में शामिल होने के बाद से संगकारा मुख्य कोच की दोहरी भूमिका भी निभा रहे हैं और संजू सैमसन की अगुवाई वाली फ्रेंचाइजी ने उनके मार्गदर्शन में चार सत्र में दो बार प्लेऑफ में जगह बनाई है।



# वैश्विक अनिश्चितता में भी भारत का जुझारूपन मजबूत आर्थिक बुनियाद से बना रहा: सीतारमण

**पुणे:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के जुझारूपन के पीछे मजबूत वृहद्-आर्थिक बुनियादी पहलुओं की अहम भूमिका रही है। सीतारमण ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 91वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि बीते वर्ष के दौरान वैश्विक परिदृश्य में अनिश्चितता बढ़ी है और इसका असर कई देशों पर दिख रहा है।उन्होंने कहा, ''लेकिन इन परिस्थितियों के बीच भी भारत की मजबूती सामने आती है। मजबूत आर्थिक आधार, युवा आबादी और घरेलू मांग पर निर्भरता हमारी अर्थव्यवस्था की मुख्य ताकत है।'' सीतारमण ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भी भारत की मजबूती जारी रही और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा।उन्होंने कहा, ''यह महज संयोग नहीं है। यह सक्रिय राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियों, साहसिक संरचनात्मक सुधारों, बड़े पैमाने पर भौतिक और डिजिटल ढांचे के निर्माण, बेहतर शासन और बढ़ी प्रतिस्पर्धा का नतीजा है।'' सीतारमण ने अपने संबोधन में अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों द्वारा भारत की साख में किए गए हाल के सुधारों का भी उल्लेख किया।उन्होंने कहा कि अगस्त 2025 में एसएंडपी ने 18 साल बाद भारत की रेटिंग 'बीबीबी-' से बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दी। इसी साल मई में मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस ने भी भारत को 'बीबीबी (लो)' से 'बीबीबी' किया जबकि जापानी एजेंसी आरएंडआई ने भारत की रेटिंग 'बीबीबी' से बढ़ाकर 'बीबीबी प्लस' कर दी। वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के बीच बैंकों की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा, 'बैंक सिर्फ बचत के संरक्षक नहीं बल्कि वृद्धि के इंजन भी हैं। उन्हें कारोबार और उद्यमियों को वित्त और सहयोग देकर अवसरों का लाभ उठाने और नवाचार को आगे बढ़ाने में मदद करनी होगी।'' वित्त मंत्री ने इस पर बल दिया कि बैंकिंग का मूल आधार ग्राहक का विश्वास है और हर शिकायत को सुधार और नवाचार के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए।



## भारतीय बैंकों को वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 में शामिल होने का लक्ष्य रखना चाहिए: अमित शाह



**मुंबई:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय बैंकों को केवल वृद्धि की योजना नहीं बनानी चाहिए, बल्कि अपना पैमाना बदलना चाहिए और दुनिया के शीर्ष 10 बैंकों में शामिल होने की आकांक्षा रखनी चाहिए। फाइनेंशियल एक्सप्रेस इंडिया के सर्वश्रेष्ठ बैंक पुरस्कार समारोह में शाह ने कहा, मैं अपने भारतीय बैंकों से कहना चाहता हूं कि उन्हें न केवल वृद्धि की योजना बनानी चाहिए, बल्कि पैमाने को बदलने का प्रयास करना चाहिए। हमारे बैंकों को शीर्ष 10 में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को 'विश्वगुरु' बनाने का लक्ष्य रखा है। शाह ने कहा, संविधान में तीन तरह के समावेश... राजनीतिक, सामाजिक और वित्तीय समावेश... की बात की गई है। और यही भारत के विकास की कहानी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को समर्थन देना देश की आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है।

## भुगतान सत्यापन के लिए एसएमएस ओटीपी के साथ दूसरे विकल्प भी अपनाए जाएंगे: आरबीआई

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को डिजिटल भुगतान के नए नियमों की घोषणा करते हुए कहा कि दो-स्तरों वाले सत्यापन के लिए अब एसएमएस ओटीपी के अलावा अन्य विकल्प भी अपनाए जा सकेंगे।डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित बनाने के मकसद से लाए गए ये नियम एक अप्रैल, 2026 से लागू होंगे। आरबीआई ने कहा कि भुगतान सत्यापन के कारकों में 'उपयोगकर्ता के पास मौजूद कोई वस्तु', 'उपयोगकर्ता को ज्ञात कोई चीज' या 'उपयोगकर्ता की कोई पहचान' शामिल हो सकता है।इसमें मोबाइल पर एसएमएस के जरिये आने वाले ओटीपी के अलावा पासवर्ड, पासफ्रेज, पिन, कार्ड हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर टोकन, फिंगरप्रिंट या अन्य बायोमेट्रिक तरीके शामिल हो सकते हैं। एसएमएस-ओटीपी का उपयोग पहले की ही तरह जारी रहेगा। भारत ऐसे देशों में शामिल है जो दो स्तरों वाले सत्यापन पर जोर देता है। हालांकि वित्तीय संस्थान अब तक लेनदेन के लिए मुख्य रूप से एसएमएस अलर्ट पर ही निर्भर थे।आरबीआई ने 'डिजिटल भुगतान लेनदेन की सत्यापन प्रणाली संबंधी निर्देश, 2025' जारी किए हैं जिसमें दो-स्तरीय सत्यापन को अनिवार्य रखने के साथ वैकल्पिक प्रमाणीकरण की अनुमति भी दी गई है। नए नियमों के तहत कम-से-कम एक प्रमाणीकरण कारक हरेक लेनदेन के लिए विशिष्ट एवं नया होना चाहिए। भुगतान प्रणाली को मजबूत होना चाहिए ताकि किसी एक कारक की सुरक्षा में कमी अन्य कारकों की विश्वसनीयता को प्रभावित न करे। आरबीआई ने कहा कि जोखिम प्रबंधन के दृष्टिकोण से वित्तीय संस्थान लेनदेन का मूल्यांकन लेनदेन स्थान, उपयोगकर्ता व्यवहार, डिवाइस विशेषताएं और इतिहास जैसे संदर्भगत पहलुओं के आधार पर कर सकते हैं।उच्च जोखिम वाले लेनदेन के लिए अतिरिक्त जांच की जा सकती है और सूचनाओं एवं पुष्टि के लिए डिजिटल लॉकर का उपयोग किया जा सकता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि अगर इन निर्देशों का पालन न करने की वजह से कोई आर्थिक नुकसान होता है तो जारीकर्ता को उसका पूरा मुआवजा ग्राहक को देना होगा। इसके साथ ही कार्ड जारीकर्ताओं को एक अक्टूबर, 2026 से विदेशी प्रतिष्ठान द्वारा किए गए जाने गैर-आवर्ती, सीमापार कार्ड-नॉट-प्रेजेंट (सीएनपी) लेनदेन के लिए भी सत्यापन व्यवस्था लागू करनी होगी।

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में वैश्विक निवेश के लिए हमारे दरवाजे खुले: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को वैश्विक कंपनियों को भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश की फसल विविधता, मांग और पैमाने की 'त्रि-शक्ति' इसे आकर्षक गंतव्य बनाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'वर्ल्ड फूड इंडिया शिखर सम्मेलन' का उद्घाटन करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार ने उत्पादन-आधारित योजनाओं और मेगा फूड पार्क जैसी पहलों के जरिये खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा दिया है जिससे इस क्षेत्र की क्षमता 20 गुना बढ़ी और निर्यात दोगुना हुआ है। उन्होंने उद्योग जगत से प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के लिए पर्यावरण-अनुकूल एवं बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग में निवेश करने का आग्रह भी किया। मोदी ने कहा, भारत ने खुले मन से अपने देश के दरवाजे, दुनिया के लिए खोल रखे हैं। हम खाद्य श्रृंखला से जुड़े हर निवेशक के लिए खुले हैं। हम सहयोग के लिए खुले दिल से तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने वैश्विक खाद्य कंपनियों को भारत में अधिकतम निवेश करने का न्योता देते हुए कहा कि यहां पर खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और वैश्विक कंपनियों को इसका फायदा उठाना चाहिए। मोदी ने आगे कहा कि वैश्विक निवेशक भारत की ओर बड़ी आशा भरी नजरों से देख रहे हैं क्योंकि देश में विविधता, मांग और पैमाना के रूप में तीन ताकतें हैं जो इसे निवेश के लिए सबसे आकर्षक गंतव्य बनाती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में अद्वितीय है, क्योंकि यहां उत्पादन विविधता है और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों की बड़ी मांग है।

## शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 556 अंक लुढ़का

**मुंबई:** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार पांचवें दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क से जुड़ी चिंताओं के कारण सेंसेक्स 556 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 166 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 555.95 अंक यानी 0.68 प्रतिशत टूटकर 81,159.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 622.74 अंक गिरकर 81,092.89 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 166.05 अंक यानी 0.66 प्रतिशत गिरकर 24,890.85 अंक पर आ गया। यह शेयर बाजारों में गिरावट का लगातार पांचवां सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 1,854.28 अंक यानी 2.23 प्रतिशत और निफ्टी में 532.75 अंक यानी दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस में गिरावट का रुख रहा। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी दर्ज की गई।



## न्यूज अपडेट

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 16वीं अंतर्राष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे: सीआईआई



**नयी दिल्ली:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 15 से 17 अक्टूबर तक यहां भारत मंडपम में आयोजित होने वाली 16वीं अंतर्राष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने बृहस्पतिवार को यह कहा। वर्ष 1990 में शुरू की गई, अंतर्राष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई) सीआईआई की प्रमुख प्रदर्शनी है जिसका आयोजन रेल मंत्रालय के साथ साझेदारी में किया जा रहा है। सीआईआई की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, 'इस वर्ष का आयोजन अब तक का सबसे शानदार होने वाला है, जिसमें 15 से अधिक देशों के 450 से अधिक प्रदर्शक रेल और मेट्रो क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक तकनीकों, समाधानों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे।'' इसमें कहा गया है, 'आईआरईई एक ऐतिहासिक आयोजन के रूप में विकसित हुआ है जो सीआईआई और रेल मंत्रालय के बीच निरंतर सहयोग को बताता है। दशकों से, इसने भारत की इंजीनियरिंग क्षमता और रेल प्रौद्योगिकी में वैश्विक अग्रणी बनने की उसकी महत्वाकांक्षाओं को निरंतर प्रदर्शित किया है।'' सीआईआई के अनुसार, आईआरईई का वर्ष 2025 संस्करण भारतीय रेलवे और वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गजों की सशक्त भागीदारी के साथ इस विरासत को और मजबूत करेगा।

### चांदी 1,000 रुपये चढ़कर 1.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर, सोना 630 रुपये फिसला

**नयी दिल्ली:** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 1,000 रुपये की तेजी के साथ 1.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 630 रुपये की गिरावट के साथ 1,17,370 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले कारोबार में यह 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 700 रुपये घटकर 1,16,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। बुधवार को यह 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 21.40 डॉलर या 0.57 प्रतिशत बढ़कर 3,757.54 डॉलर प्रति औंस हो गया। हाजिर चांदी दो प्रतिशत से अधिक बढ़कर 45.03 डॉलर प्रति औंस के उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह 14 साल के उच्चतम स्तर के करीब है।

### रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने केंद्र के साथ 40,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली:** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने देश भर में एकीकृत खाद्य विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ बृहस्पतिवार को 40,000 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर यहां विश्व खाद्य भारत 2025 कार्यक्रम में हस्ताक्षर किए गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अगस्त में अपनी वार्षिक आम बैठक में निवेश योजना की घोषणा करते हुए कहा था कि वह '' एआई-संचालित स्वचालन, रोबोटिक्स और टिकाऊ प्रौद्योगिकियों के साथ एशिया का सबसे बड़ा एकीकृत फूड पार्क बनाएगी।'

वर्ष 10, पूर्णांक 3369 अंक 179, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in